आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 14 अक्टूबर 2023 ■ आश्विन कृष्ण पक्ष-15 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-197 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 15 अक्टूबर 2023 रू. 1.00

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

आचार संहिता के उल्लंघन पर विधायक वोरा को नोटिस जारी

दुर्ग,14 अक्टूबर। आचार संहिता के उल्लंघन पर दुर्ग विधायक अरुण वोरा को जिला निर्वाचन अधिकारी ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा है. विधायक अरुण वोरा पर स्कूल में बच्चों को उनके माता-पिता से वोट कराने की अपील करने का आरोप है.

विधानसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लगते ही अब जिला प्रशासन और चुनाव आयोग पूरी तरह सख्त हो गया है. इसी कड़ी में दुर्ग के वर्तमान विधायक और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरुण वोरा के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत सामने आई है. विधायक पर सरकारी स्कूल में जाकर चुनाव प्रचार करने का आरोप लगा है. बताया जा रहा है कि वर्तमान विधायक अरुण वोरा ने स्व. झाडूराम देवांगन शासकीय स्कूल में छात्रों से बातचीत में कहा था कि अगर अरुण वोरा को वोट मिलेगा तो स्कूल को और अच्छा बनाएंगे. ऐसे में सभी बच्चे अपने माता-पिता को जाकर बोले कि वह अरुण वोरा को वोट दें. इसके बात की शिकायत जिला निर्वाचन अधिकारी से की गई. जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने बताया कि उन्हें इस संबंध में शिकायत मिली है शिकायत में कहा गया है कि विधायक अरुण वोरा ने शासकीय स्कूल में जाकर बच्चों को बोला है कि अगर उन्हें वोट मिलेगा तो स्कूल को और अच्छा बनाने काम करेंगे ऐसे में अपने माता-पिता से बोले कि वे उन्हें वोट करें तो वही जब इस पूरे मामले पर अरुण वोरा से संपर्क किया गया तो उन्होंने कुछ भी कहने से मना कर दिया। अरुण वोरा 6 बार चुनाव लड़ चुके हैं. इस बार पार्टी ने मौका दिया तो सातवीं बार चुनाव लड़ेंगे, लेकिन इस तरह आचार संहिता की खुला उल्लंघन को लेकर उन पर सवाल उठ रहे हैं.

हर समस्या के लिए रामबाण नहीं हो सकता सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली,14 अक्टूबर। सुप्रीम कोर्ट ने नर्सरी दाखिले में बच्चों की स्क्रीनिंग पर प्रतिबंध से जुड़ी याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। दरअसल दिल्ली हाईकोर्ट ने 2015 के एक विधेयक को उपराज्यपाल को मंजूरी देने या लौटाने का निर्देश देने से इन्कार कर दिया था। हाईकोर्ट के इस फैसले को शीर्ष अदालत चुनौती दी गई थी। स्क्रीनिंग में बच्चों या उनके अभिभावकों से साक्षात्कार लिया जाता है। जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस सुधांशु धूलिया की पीठ ने कहा कि अदालत कानून बनाने का निर्देश नहीं दे सकती। पीठ ने कहा कहा, क्या कानून बनाने के लिए कोई आदेश हो सकता है? क्या हम सरकार को विधेयक पेश करने का निर्देश दे सकते हैं? सुप्रीम कोर्ट हर चीज के लिए रामबाण नहीं हो सकता है। गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने गत तीन जुलाई को गैरसरकारी संस्था सोशल ज्यूरिस्ट की तरफ से दायर एक जनहित याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि वह विधायी प्रक्रिया में हस्तक्षेप और उपराज्यपाल को दिल्ली स्कूल शिक्षा (संशोधन) विधेयक, 2015 को मंजूरी देने या उसे लौटाने का निर्देश नहीं दे सकता। इस आदेश के खिलाफ सोशल ज्यूरिस्ट ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।



रायपुर। मां दुर्गा की प्रतिमाओं को लाने का सिलसिला आज दिन भर चला। ये प्रतिमाएं दुर्गा पंडालों में 15 अक्टूबर स्थापित की जाएंगी।पंडालों की सजावट का काम अंतिम चरण पर है।

15 को जारी होगी कांग्रेस की पहली सूची: बघेल

■ तरुण छत्तीसगढ़

रायपुर,14 अक्टूबर। भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को एक बार फिर राजनांदगांव से चुनाव मैदान में उतारा है. इस हाई प्रोफाइल सीट पर कांग्रेस से मजबूत उम्मीदवार उतारने को लेकर किए गए सवाल पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि पार्टी अपनी रणनीति का खुलासा लिस्ट जारी करने के साथ करती है. कल नवरात्र पर कांग्रेस की पहली सूची आएगी, पता चलेगा कि रमन सिंह के सामने कौन है.

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तीन विधानसभा के संकल्प शिविर के लिए रवाना होने से पहले मीडिया से चर्चा में सांसद रविशंकर प्रसाद के अजीत जोगी से उनकी (मुख्यमंत्री) की तुलना करने पर कहा कि रविशंकर प्रसाद वकील है, वो तर्क-वितर्क करते रहते हैं. जिस जोगी के भरोसे भाजपा 3 बार सत्ता में आई, उससे हम तुलना नहीं कर सकते. जोगी को जैसे ही बाहर किए कांग्रेस सत्ता में आई.

वहीं झीरम को लेकर भाजपा के आक्षेप पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि यह कोर्ट क्यों जाते हैं? रोकते क्यों हैं? हम जांच करना चाहते हैं, वह जांच क्यों नहीं कर रहे हैं. गणपति और रमन्ना का नाम एफआईआर में दर्ज है, उसे एनआईए ने कैसे हटाया. उनसे पूछताछ क्यों नहीं की. भाजपा से पूछता हूं कि क्या उन्होंने सरेंडर किया. उनके परिवार वालों को केंद्र सरकार ने क्या लाभ दिया है. दिया भी है की नहीं यह बताएं. भाजपा की नक्सलियों के साथ साठगांठ है, यह उजागर होता है.

छोटे दलों को सिक्योरिटी देने की बात पर सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि क्रोनोलॉजी समझना पड़ेगा. एक ओर अमित जोगी केस लगाते हैं, दूसरी ओर उन्हें सुरक्षा दी जाती है. बसपा और गोंडवाना ने गठबंधन कर लिया है. बसपा भाजपा की गोद में बैठी है. आम आदमी पार्टी लगी है कि कैसे कांग्रेस को नुकसान पहुंचाया जाए. सभी तरह की कोशिशें हो रही है. छत्तीसगढ़ की जनता समझदार है.

भाजपा नेता के यहां खेले जा रहे जुआ को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा केंद्र में बैठी है, और महादेव एप पर प्रतिबंध लगा सकती है. पर न गिरफ्तारी हो रही, ना ये एप बंद हो रहा है. पूरे देश को नई पीढ़ी को जुआ में झोंक देना चाहते हैं. देश को बर्बाद करने का भाजपा का षड्यंत्र चल रहा है.

ढोल-नगाड़ा लेकर राजधानी रवाना हुए गणेशराम के समर्थक

कुशाभाऊ ठाकरे भवन के सामने भाजपा नेताओं को जगाएंगे

रायपुर,14 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

जशपुर बिधानसभा सीट से भाजपा की ओर से रायमुनि भगत की उम्मीदवारी तय हो जाने के बाद भाजपा के भीतर उठा हुआ तूफान शांत होने के नाम नहीं ले रहा है । बताया जा रहा है कि जिले से दर्जनों लोग शुक्रवार को खाला बासी और बाजा लेकर राजधानी रायपुर रवाना हो गए है ।

जानकारी के मुताबिक दर्जनों लोग शनिवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय के सामने ढोल नगाड़ा बजाकर भाजपा के बड़े नेताओं को जगाने का काम करेंगे और तबतक वहां जमे रहेंगे जबतक की भाजपा जशपुर से गणेश राम भगत का टिकट फाईनल नहीं कर देती । इनका कहना है कि गणेश राम भगत ही भाजपा के सही उम्मीदवार हो सकते हैं ।जशपुर का भविष्य इन्हीं के हाथों में सुरक्षित है लेकिन भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेता इन बातों को गम्भीरता से नहीं ले रहे हैं इसलिये उन्हें जगाने के लिए ढोल का सहारा लेना पड़ रहा है।

यह भी बता दे कि 2 दिन पहले पूर्व मंत्री का एक वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हुआ।इस वीडियो में गणेश राम भगत फफक फफक कर रोते हुए दिख रहे है।माना जा रहा है कि टिकट नहीं मिलने के कारण काफी दुखी हैं ।हांलाकि अभी तक गणेशराम भगत की ओर से ऑन कैमरा टिकट नहीं मिलने को लेकर कोई बयान जारी किया गया है ना ही वायरल वीडियो को लेकर उनकी ओर से कुछ कहा गया है लेकिन भाजपा के भीतर अंतर्कलह की स्थिति जरूर निर्मित हो गयी है । भाजपा के सीनियर नेता भी इस मामले में मौन दिख रहे हैं ।

गौरतलब है कि गणेश राम भगत 2008 तक जशपुर और बगीचा विधानसभा सीट से कई बार विधायक निर्वाचित हुए । भाजपा सरकार के रमन कैबिनेट में 2 बार मंत्री भी रहे लेकिन 2008 के चुनाव में परिसीमन के चलते बगीचा क्षेत्र का जशपुर में विलय हो गया और पार्टी ने इन्हें जशपुर से टिकट ना देकर सीतापुर से दे दिया ।हांलाकि सीतापुर में इनका परफार्मेंस काफी अच्छा रहा लेकिन अंततः वह अमरजीत भगत से चुनाव हार गए ।इसके बाद से उन्हें पार्टी ने अबतक टिकट नहीं दिया । 2013 में स्व दिलीप सिंह जूदेव के निधन के बाद हुए चुनाव में इन्होंने पार्टी से बगावत कर दिया था और निर्दलीय झंडा लेकर चुनाव मैदान में उतर गए थे ।

भाजपा नेता खो चुके हैं जनता का विश्वास : विकास

भाजपा ने पांच साल के काम का मांगा हिसाब

रायपुर,14 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

भाजपा के बड़े नेताओं के छत्तीसगढ़ दौरे पर कांग्रेस ने तंज कसा है. विधायक और संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने कहा कि भाजपा के आला नेता इस बात को जान चुके हैं कि जिनके हाथ में सत्ता थी, वे जनता का विश्वास खो चुके हैं. इसलिए बार-बार छत्तीसगढ़ का दौरा कर रहे हैं. वहीं पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कहा कि कांग्रेस ने कुछ किया हो तो बताए.

संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने कहा कि जनता को दो विचारधाराओं की लड़ाई दिखती है. पहला केंद्र में जिसकी सरकार है, और दूसरा राज्य में जिसकी सरकार है. केंद्र की सरकार महंगाई से जनता को लूटने का काम कर रही है. वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस लोगों को बजट में फायदा पहुंचाने का काम कर रही है. कांग्रेस जो कहती है, वो करती है. भाजपा सिर्फ झूठ बोलती है. पार्टी के बड़े नेताओं के छत्तीसगढ़ दौरे पर कांग्रेस के बयान पर पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कहा कि किसी के बयान का इतना महत्व नहीं है. कोई भी नेता चलते फिरते बात करेगा तो उसका आधार क्या है? उनकी पार्टी का जनाधार क्या है? सब अपने हिसाब से अपनी पार्टी की बात

रखते हैं. इसके साथ ही पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने उठाया झीरम का मुद्दा उठाते हुए सवाल किया कि झीरम का सबूत कहां है? सरकार आने के पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा में कहा था सबूत उनके पास है. आप अपने पार्टी के नेताओं पर राजनीति कर रहे हैं. आपने झीरम के सबूत सार्वजनिक क्यों नहीं किए? कांग्रेस को इसके लिए सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए. इसके लिए आपको गंगाजल रखकर कसम खाने की जरूरत नहीं है. रायपुर पश्चिम के विधायक विकास उपाध्याय को लेकर राजेश मूणत ने कहा कि कांग्रेस ने कुछ किया हो तो बताए. मैं शहर का भ्रमण करूंगा, जिस जगह का भूमिपूजन या लोकार्पण किया, वहां मैं चलने को तैयार हूं. रायपुर के तमाम सार्वजनिक स्थानों, गार्डन की हालत खराब है.

हमास पर कहर बनकर टूटी इजरायली सेना

3100 लोगों की मौत; चारों तरफ केवल चीख-पुकार

यरुसलम,14 अक्टूबर। इजरायल और हमास के बीच इस युद्ध में अभी तक इजरायल में 1300 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं जिनमें 247 सैनिक हैं। जबकि गाजा पर इजरायली हमले में अब तक 1800 लोगों की मौत हो चुकी है और लगभग 6,388 लोग घायल हैं। इजरायल और हमास युद्ध में अब तक कुल 3100 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि गाजा में 4.23 लाख लोग बेघर हो चुके हैं। शुक्रवार रात मध्य इजरायल में सायरन बजाए गए हैं, जिसकी वजह से लोग अपने घरों को छोड़कर जान बचाने के लिए तहखानों की तरफ भागने लगे। जबकि इजरायली सेना गाजा में घुस गई और गोलीबारी भी की, जिसके बाद चारों तरफ चीख-पुकार मच गई।

पिछले शनिवार को हमले के बाद हमास के लड़ाके लगभग 150 लोगों को अपने साथ बंधक बनाकर ले गए थे। हमास ने दावा किया कि इजरायली बमबारी में गुरुवार को 13 बंधक मारे गए, इनमें विदेशी भी शामिल हैं। हालांकि, सैन्य प्रवक्ता हगारी ने हमास के दावे का खंडन किया। उन्होंने कहा, 'हमारे

पास अपनी जानकारी है। हमास के झूठ पर विश्वास न करें।' इजरायल का कहना है कि गुरुवार को रातभर किए गए हवाई हमलों में हमास की सुरंगों, सैन्य परिसरों और हथियार भंडारों समेत 750 ठिकानों को निशाना बनाया गया।मिस्त्र के एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि उनके देश ने सिनाई प्रायद्वीप में गाजा से बड़ी संख्या में फलस्तीनियों के आने की आशंका से सीमा पर हजारों सुरक्षा बलों को तैनात कर दिया है। उल्लेखनीय है कि मिस्त्र ने दशकों पहले इजरायल के साथ शांति समझौता कर लिया था और लंबे समय से एक क्षेत्रीय मध्यस्थ के रूप में काम कर रहा है। वह फलस्तीनियों को अपने क्षेत्र में फिर से बसाने का दृढ़ता से विरोध कर रहा है। वहीं, उसने इजरायल के अल्टीमेटम को अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार कानूनों का उल्लंघन बताया है।

हमास की प्रतिद्वंद्वी फलस्तीनी अथारिटी के प्रेसिडेंट महमूद अब्बास ने जार्डन में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से कहा कि गाजा में फलस्तीनियों का जबरन विस्थापन 1948 की पुनरावृत्ति होगी, जब हजारों फलस्तीनी उस स्थान से भाग गए थे या उन्हें खदेड़ दिया गया था जो अब इजरायल है। अधिकांश गाजावासी ऐसे शरणार्थियों के वंशज हैं। अब्बास ने गाजा में तुरंत सहायता भेजने की अनुमति देने का आह्वान किया। ब्लिंकन ने शुक्रवार को जार्डन के किंग अब्दुल्ला और कतर में प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी से मुलाकात की।

इंडियाज गॉट टैलेंट में अबूझमाड़ मलखंब अकादमी छत्तीसगढ़ की टीम क्वार्टर फायनल में

jasclaudius@gmail.com

छुपे रुस्तम खिलाड़ियों को चाहिए सबका प्रत्यक्ष वोट

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सफलता के नजदीक पहुंचने पर सभी प्रतिभाओं को अपनों के सहयोग की आवश्यकता पड़ती है। जीवन में संघर्ष का क्षेत्र चाहे जो भी हो लेकिन आगे बढ़ने के लिए सबका आशीर्वाद बहुत जरूरी होता है। अब लगभग यही स्थिति इन दिनों सोनी लाइव टीवी में प्रसारित किए जा रहे इंडियाज गॉट टैलेंट कार्यक्रम में क्वार्टर फायनल तक पहुंच चुकी छत्तीसगढ़ की अबूझमाड़ स्थित मलखंब अकादमी के खिलाड़ियों की है। मलखंब के खेल को 2022 के 36वें राष्ट्रीय खेलों में शामिल करने मान्यता मिल चुकी है। इस स्पर्धा में अबूझमाड़ के महिला व पुरुष दोनों ही वर्गो में टीम इवेंट में शानदार खेल दिखाया और महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश के साथ ही पदक तालिका में तीसरे नंबर पर स्थान बनाया। छत्तीसगढ़ के लिए धुर नक्सली क्षेत्र नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ स्थित मलखंब अकादमी की यह उपलब्धि असाधारण है। इसके लिए मलखंब संघ के राष्ट्रीय स्तर के, छत्तीसगढ़ राज्य स्तर के पदाधिकारी व अबूझमाड़ के व्यवस्थापक, सहयोगीगण बधाई के पात्र हैं लेकिन इन सबका श्रेय प्रमुख रूप से मलखंब को विश्व स्तर पर लोकप्रिय बनाने और साधनविहीन वनांचल के पिछड़े, कमजोर वर्ग के मूल आदिवासी निवासियों के युवाओं को भटकने से रोकने और समाज में उनकी प्रतिभा का उचित स्थान देने का सपना देखने वाले पुलिस आरक्षक मनोज प्रसाद के सपनों व सोच को जाता है।

खेल के साथ-साथ मलखंब के द्वारा अनेक करतब दिखाये जाने की कल्पना ने प्रशिक्षक मनोज प्रसाद और उनके साथियों खेलप्रेमियों ने अबूझमाड़ की टीम को सोनी लाइव टीवी में अपना हुनर दिखाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान आर्थिक तंगी के दौर से गुजरते हुए मनोज प्रसाद ने किशोर व युवा मूल आदिवासी खिलाड़ियों को लेकर मायानगरी मुंबई का रूख किया। साहस और संघर्ष के प्रतीक इस प्रशिक्षक ने मुंबई के टेलीविजन स्टेज में अपनी प्रतिभा को बिखेरना शुरू किया। आज स्थिति यह है कि सभी बाधाओं, मुकाबलों को पार करते हुए। छत्तीसगढ़ की अबूझमाड़, मलखंब अकादम की टीम इंडियाज गॉट टैलेंट कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ आठ प्रतिभाओं में स्थान बना लिया है।

उल्लेखनीय और मजेदार बात यह है कि इस टीम के कई खिलाड़ियों ने पहली बार ट्रेनों से सफर किया। आलिशान होटल में ठहरे, दुनिया के कई प्रमुख सितारों से मिले जिसकी वजह से छत्तीसगढ़ का नाम पूरी दुनिया में पहुंच गया। अबूझमाड़ जिसका अर्थ ऐसी जगह जिसे जाना, पहचाना या समझा नहीं जा सका, अब इन्हीं खिलाड़ियों के दम पर विश्व के पर्यटन नक्शे में आ गया है। अब की परिस्थिति में टेलीविजन में जय-पराजय के लिए टीम के प्रदर्शन के आंकलन के साथ उनके दर्शकों द्वारा मिलने वाले वोट भी महत्वपूर्ण होते हैं। ऐसा करके टेलीविजन चैनल न सिर्फ अपनी लोकप्रियता को दर्शाते हैं बल्कि उसी के आधार पर ऊंची से ऊंची दर पर कार्यक्रम के दौरान प्रसारित होने वाले व्यावसायिक विज्ञापन प्राप्त करते हैं।

छत्तीसगढ़ प्रदेश के बच्चों, किशोरों युवाओं ने अपनी भूमिका निभा दी है उन्होंने बस्तर के आदिवासियों की ताकत और कला को पूरी दुनिया को बतला दिया है। अबूझमाड़ को विश्व में पर्यटन क्षेत्र के रूप में स्थापित कर दिया है अतः अब वह वक्त आ गया है जब छत्तीसगढ़ के प्रत्येक निवासी की जिम्मेदारी है कि वह अपना वोट भी इस टीम को दे। इसके लिए प्लेस्टोर में सोनी लाइव एप डाउनलोड करना होगा। शनिवार 14 अक्टूबर 2023 की रात साढ़े नौ बजे से रविवार 15 अक्टूबर की सुबह आठ बजे के बीच प्रत्येक दर्शक अबूझमाड़ मलखंब एकेडमी नारायणपुर, छत्तीसगढ़ के पक्ष में वोट करें। प्रत्येक वोट की कीमत 50 है तथा एक व्यक्ति इस बात की जानकारी अन्य 20 व्यक्ति को दे सकता है। छत्तीसगढ़ के लिए मलखंब की टीम इस प्रतियोगिता को जीतना एक गौरवशाली क्षण होगा क्योंकि अभी तक ऐसे मुकाबले के अंतिम आठ में छत्तीसगढ़ की कोई भी टीम नहीं पहुंच सकी है। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव, विश्व कप क्रिकेट संबंधी खबरों की जानकारी लेते हुए अगर हम अपने प्रदेश के ऐसे छुपे रुस्तम खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए वोट करेंगे तो इतिहास में वोट करने वाले नागरिक का नाम दर्ज हो जाएगा। तब हम गर्व से कह सकेंगे हम सबके सहयोग से यह सफलता मिली।

जांच और सुरक्षा के नाम पर प्रदेश के व्यापारी हो रहे परेशान: पारवानी

रायपुर,14 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेम्बर का प्रतिनिधि मंडल चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले से मिलकर आगामी चुनाव के मद्देनजर प्रदेश में चौक चौराहों/चेक पोस्ट में व्यापारियों को ई-वे बिल एवं नकदी संचलन संबंधी परेशानियों से अवगत कराया। जिस पर श्रीमती कंगाले जी ने सकारात्मक आश्वासन दिया। चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर परवानी ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर शहर के चौक चौराहों/चेक पोस्ट में जांच और सुरक्षा के नाम पर जिले के व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जांच में वहां उपस्थित पुलिस एवं जाँच अधिकारियों द्वारा व्यापारियों पर ऐसे वस्तुएं जिनमे ई-वे बिल की आव्यश्यकता नही होती है को लेकर अनुचित कार्यवाही की जा रही है। पारवानी जी ने छत्तीसगढ़ शासन के राजपत्र क्रमांक एफ 10-31/2018/वाक/पांच(46) का हवाला देते हुए आगे बताया कि राजपत्र के कॉलम 2 और कॉलम 3 में 15 प्रकार के मालों (परिषेण) को लेकर स्पष्ट रूप से यह उल्लेख किया गया है कि ऐसे मालों का संचलन छत्तीसगढ़ के किसी अन्य जिले के क्षेत्र से आरंभ होकर राज्य के किसी भी जिले के क्षेत्र में समाप्त होता है तो ऐसे वस्तुओं (मालों) पर छत्तीसगढ़ राज्य में अंतर्राज्यीय संचलन के लिए ई-वे बिल आवश्यक नही है।

एक नजर

एटीएम चुराकर उड़ाए सवा लाख

भिलाई, 14 अक्टूबर। भिलाई घर में रखे एटीएम कार्ड को चोरी कर खाते से एक लाख 15 हजार रुपये की चोरी करने वाले अज्ञात आरोपित के खिलाफ मोहन नगर पुलिस ने प्राथमिकी की है पुलिस को संदेह है कि किसी परिचित ने ही घर में चोरी की है मामले को सुलझाने के लिए संदेहियों से पूछताछ जारी है पुलिस ने कि नेहरू नगर पूर्व निवासी सौरभ बोस के मामा सिंधिया नगर दुर्ग निवासी पवित्र कुमार डे के घर पर चोरी हुई है। शिकायतकर्ता के मामा की तबीयत होने के कारण उन्हें एक सितंबर को सेक्टर- नौ अस्पताल में भर्ती कराया गया था12 सितंबर को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद वे वापस अपने घर गए शिकायतकर्ता यूको बैंक सिविक सेंटर में प्रबंधक हैं। उनके मामा ने अपने पास बुक को एंट्री करवाने के लिए उन्हें दिया- था पासबुक की एंट्री करवाने पर खाते में से एक लाख 15 हजार रुपये कम मिले किसी ने एटीएम से उतने रुपये निकाले थे इसके बाद शिकायतकर्ता ने अपने मामा को जानकारी दी घर की आलमारी में एटीएम कार्ड की तलाश करने पर उसमें से एटीएम कार्ड नहीं मिला किसी अज्ञात आरोपित ने घर से एटीएम कार्ड चुराकर लाख 15 हजार रुपये चोरी कर लिए थे मोहन नगर पुलिस आरोपित की तलाश में जुटी हुई है।

सहायक व्यय प्रेक्षक एवं व्यय अनुवीक्षण समिति का प्रशिक्षण

महासमुंद 14 अक्टूबर। विधानसभा निर्वाचन 2023 के परिप्रेक्ष्य में जिले के चारों विधानसभाओं के लिए नियुक्त सहायक व्यय प्रेक्षक एवं व्यय अनुवीक्षण समिति का प्रशिक्षण आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक ने कहा कि व्यय लेखा समिति का कार्य बहुत ही सावधानी से करना है। विभिन्न माध्यमों से जो भी सूचनाएं आप तक पहुंचेगी उनका समय पर विधिवत् लेखांकन करना होगा। इस प्रशिक्षण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री एस. आलोक, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निर्भय साहू ने भी सभी टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

जिला मास्टर ट्रेनर श्री तोषण गिरी गोस्वामी पॉवर पॉईंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि सहायक व्यय प्रेक्षक भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किए गए व्यय प्रेक्षक के निर्देशन में कार्य करता है। वहीं लेखा टीम द्वारा विभिन्न माध्यमों जैसे वीडियो निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, एसएसटी, एफएसटी, एमसीएमसी आदि के द्वारा प्राप्त सूचनाओं के आधार पर प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए रखे गए छाया प्रेक्षण रजिस्टर में व्ययों का लेखा किया जाएगा। नामांकन तिथि से मतदान दिवस तक कम से कम दो बार प्रत्येक अभ्यर्थियों को अपने व्यय रजिस्टर की जांच बिल वाउचर सहित लेखा टीम से कराना होगा तथा परिणाम घोषणा के 30 दिवस के अंदर सार संलग्नक के साथ अंतिम जांच के लिए उपस्थित होना होगा। छाया प्रेक्षण रजिस्टर में उम्मीदवारों द्वारा किए गए जनसभा, रैली, विज्ञापन, पोस्टर, बैनर, वाहन आदि के समस्त व्ययों को लिखा जाएगा। वीडियो निगरानी टीम द्वारा अभ्यर्थियों के द्वारा आयोजित सभा रैली आदि का वीडियो बनाया जाएगा। जिसे वीडियो अवलोकन टीम द्वारा सूक्ष्मता से जांच कर लेखा समिति के पास क्यू सीट भरकर जमा किया जाएगा।

राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) की भर्ती परीक्षा आगामी आदेश तक स्थगित

महासमुंद 14 अक्टूबर । छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर भर्ती परीक्षा का आयोजन 15 अक्टूबर को दो पालियों में किया जाना था। राज्य में आदर्श आचार संहिता घोषित होने के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा इस परीक्षा के आयोजन के लिए निर्वाचन आयोग से कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के माध्यम से अनुमति मांगी गई है।

कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने रात्रि में चिल्फी बैरियर का किया औचक निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 14 अक्टूबर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम निर्धारित होने के बाद जिले में गठित फ्लाइंग स्क्वॉड टीम, स्थैतिक निगरानी दल, विडियों निगरानी टीम और विड़ियों अवलोकन टीम निर्वाचन के हर गतिविधियों पर पैनी नजर रखी हुई है। जिले के सीमावर्ती चेक पोस्ट सहित सभी तहसीलों के लिए अधिकारियों की टीम बनाई गई है। जो 24 घंटे तैनात होकर कार्य कर रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे और पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ने कल रात चिल्फी बैरियर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मौके पर स्थैतिक निगरानी दल ड्यूटी पर तैनात थे। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि अन्य राज्यों से आने-जाने वाले वाहनों को कड़ाई से जांच करें। साथ ही संदिग्ध वाहनों की पड़ताल कर नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने उच्च अधिकारीयों से कहा कि बैरियर और चेक पोस्ट का लगातार निरीक्षण करते रहे। इस दौरान उन्होंने चेक पोस्ट में आने जाने वाले गाड़ियों की जानकारी के संबंध संधारित रजिस्टर का अवलोकन भी किया। कलेक्टर महोबे ने सीमावर्ती चेक पोस्ट पर तैनात कर्मचारियों को गुजरने वाले सभी वाहनों की मुस्तैदी से जांच करने और अवैध एवं संदिग्ध परिवहन पर तत्काल कार्यवाही करने के साथ अपने उच्च अधिकारियों को सूचित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिले के सभी चेकपोस्ट में टीम को संदिग्धियो पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चेकपोस्ट में की जा रही कार्यवाही एवं गाडियों की जांच के लिए रजिस्टर पंजी संधारित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन का समय में अवैध शराब, राशि तथा अन्य सामग्रियों के परिवहन के मामले सामने आते हैं। इन सभी पर बारीकी से नजर रखने और उन पर कार्रवाई बेहद जरूरी है। उन्होंने बॉर्डर पर निगरानी के लिए पुलिस के साथ स्थैतिक टीम को संयुक्त रूप से समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने लगातार पूरी सघनता से जांच जारी रखने कहा । पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव ने कहा कि चेक पोस्ट के लिए बनाई गई स्थैतिक निगरानी टीम चौकन्ना रहते हुए हर गाड़ियों की जांच करे और उसकी एंट्री रजिस्टर में जरूर करे। जहां भी मामला संदिग्ध लगे तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने चेक पोस्ट में लगे सीसीटीवी कैमरे का अवलोकन भी किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम एवम रिटर्निंग ऑफिसर कवर्धा श्री पी सी कोरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

शत-प्रतिशत मतदान के लिए दशरंगपुर में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

स्वीप
"मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

कवर्धा, 14 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में तथा स्वीप कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल दशरंगपुर में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शिक्षकों एवम विद्यार्थियों के द्वारा रैली निकाली गई ।स्वीप कार्यक्रम के सहायक नोडल अधिकारी एवम जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन श्री अवधेश नंदन श्रीवास्तव रैली में उपस्थित हुए जिन्होंने शत प्रतिशत मतदान हेतु सबको प्रेरित किया । शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दशरंगपुर में अध्ययनरत 387 बच्चों सहित प्राचार्य श्रीमती ममता मिश्र, श्री रविन्द्र सिंह चंद्रवंशी, श्री बद्री प्रसाद सोनी, श्री विजय सिंह ठाकुर, श्री गोविंद पयासी, श्री आबिद रजा, श्री वेदप्रकाश साहू आदि व्याख्याताओं ने विद्यालय परिसर से एक रैली निकाली तथा ÷वोट देबर जाबो, चुनई तिहार मनाबो÷ का नारा लगाते हुए प्रमुख मार्गो का भ्रमण किया।

विधानसभा निर्वाचन 2023:जिला प्रशासन व पुलिस का जिले में फ्लैग मार्च

कवर्धा, 14 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कबीरधाम जिले में आगामी विधानसभा चुनाव और आने वाले त्योहारों के मध्य नजर जिला, पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे और पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के निर्देश पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए गुरूवार को कवर्धा शहर सहित जिले के सभी थाना-चौकी में पुलिस के अधिकारी-जवानों ने पैदल फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ने बताया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान प्राक्रिया संपादित करने को लेकर शहर के मुख्य गलियों व बाजारों में फ्लैग मार्च निकाला गया। उन्होंने बताया कि गुरूवार रात्रि को कबीरधाम पुलिस ने कवर्धा शहर सहित जिले के सभी थाना-चौकी में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में अतिरक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश राठौर सहित जिले के पुलिस अधिकारी, पुलिस जवान शामिल हुए। फ्लैग मार्च कवर्धा कोतवाली थाना से प्रारंभ हुआ जो कवर्धा शहर के सिग्नल चौक, लोहारा नाका, परशुराम चौक, नवीन बाजार, घोठिया रोड़, दर्री पारा, मेन बाजार, सराफा लाईन, करपात्री चौक, युनियन चौक, राजमहल चौक सहित विभिन्न चौक-चौराहों में फ्लैग मार्च निकाला गया।

आदर्श आचार संहिता का पालन कराने जुटे आयुक्त

एक हजार से ज्यादा बैनर पोस्टर हटाए,लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई:आयुक्त आशीष

हमारी स्वास्थ्य सेवाएं हिट
रखीं सबको फिट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रिसाली, 14 अक्टूबर। विधान सभा आम चुनाव में आचार संहिता का पालन कराने रिसाली निगम का अमला जुटा हुआ है। शुक्रवार को निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने संपति विरूपण कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने चुनावी कार्य में लापरवाही बरतने पर सीधे निलंबन की चेतावनी भी दी।आदर्श आचार संहिता के तहत शुक्रवार तक रिसाली निगम क्षेत्र में संपति विरूपण की कार्यवाही 1600 से भी अधिक की गई। दीवार लेखन को मिटाने 50 से भी अधिक पेंटर की ड्यूटी लगाई गई है। वही दर्जन भर से अधिक कर्मचारियों की ड्यूटी निरीक्षण करने लगाई गई है। आयुक्त ने सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए है कि आचार संहिता का पालन हर हाल में होना चाहिए। किसी भी तरह की लापरवाही होने पर वे सीधी कार्यवाही करेंगे।

कार्य में रोड़ा लगाने पर एफआईआर

आयुक्त ने निर्देश दिए है कि निगम के अधिकारी कर्मचारी चुनाव के परिपेक्ष्य में जारी गाइड लाइन पर कार्य करे। अगर किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न होता है तो सीधे थाना जाकर शिकायत करे। आयुक्त ने सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में नियमित रूप से कार्य वाही करने कहा है।

मोटरयान अधिनियम के तहत 96 वाहनों पर की गई कार्रवाई

धमतरी 14 अक्टूबर। कलेक्टर श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश और पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत ठाकुर के मार्गदर्शन में परिवहन विभाग द्वारा जिले के मोटर यानों से उत्पन्न होने वाले ध्वनि प्रदूषण के विरूद्ध मोटर यान अधिनियम के तहत 96 वाहनों पर कार्यवाही की गयी। इस चालानी कार्यवाही के दौरान इन वाहन मालिकों से 1 लाख 93 हजार 300 रूपये अर्थदण्ड वसूल कर प्रेशर हॉर्न जप्त किया गया। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा ध्वनि प्रदूषण उत्पन्न करने वाले वाहनों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है, जो आगे भी जारी रहेगी। इस अवसर पर वाहन चालकों को सावधानीपूर्वक वाहन चलाने, नशा कर वाहन नहीं चलाने, हेलमेट व सीटबेल्ट का उपयोग करने सहित यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने की समझाईश दी गई।

GOLD AWARDEES OF
CCQC 2023

स्वर्ण पदक चैप्टर कन्वेंशन क्वालिटी सर्कल में आरएमपी 3 विभाग की टीम को मिला स्वर्ण पुरस्कार

भिलाई । भिलाई इस्पात संयंत्र के एलडीसीपी-आरएमपी-3 विभाग की टीम-प्रज्ञान, उड़ान, मार्वेल्स और परिष्कार ने, चैप्टर कन्वेंशन क्वालिटी सर्कल सीसीक्यूसी 2023 में प्रशंसास्पद प्रदर्शन किया और स्वर्ण पुरस्कार जीता। इस उपलब्धि के लिए टीम ने बहुत संघर्ष और कड़ी मेहनत की थी। इस अद्वितीय अवसर पर, टीमों ने अपना स्वर्ण पुरस्कार, विभाग प्रमुख महाप्रबंधक प्रभारी एलडीसीपी रतन कुमार मुखर्जी को सौंपा। श्री रतन मुखर्जी ने, विजेता टीमों को बधाई देते हुए राष्ट्रीय चैप्टर कन्वेंशन में शुभकामनाएँ दी। इस उपलब्धि और महत्वपूर्ण पुरस्कार जीतने पर महाप्रबंधक एलडीसीपी-आरएमपी-3 डी के वर्मा द्वारा इन टीमों को बधाई दी गई।

साजा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया कांग्रेस प्रवेश मंत्री चौबे ने किया कांग्रेस का गमछा पहनाकर स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दुर्ग, 14 अक्टूबर। साजा विस क्षेत्र के बहुत से भाजपा कार्यकर्ता क्षेत्र के विधायक एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे के समक्ष कांग्रेस में सम्मिलित हुए। जिसमें प्रमुख रूप से एन कुमार साहू पूर्व माकैटिंग अध्यक्ष धमधा,सियाराम साहू सरपंच प्रतिनिधि हसदा, चोवाराम साहू (संचालक सदस्य सहकारी समिति टेमरी, लेखराम साहू पंच चिखला, श्यामा चरण साहू चिखला, डोमन साहू चिखला, गुलाब सिंह साहू सदस्य बिरेझर सोसाइटी, हेमंत कुमार साहू बिरेझर, उत्तम धनकर बिरेझर सहित अन्य कार्य कर्ता उपस्थित थे। ज्ञात हो कि श्री एन कुमार साहू पूर्व मंत्री एवं भाजपा के प्रदेश के वरिष्ठ नेता श्री जागेश्वर साहू के भाई हैं। श्री रविन्द्र चौबे जी ने सभी को कांग्रेस का गमछा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर रायपुर उत्तर के विधायक कुलदीप जुनेजा,विजय साहू सदस्य क्रेडा,धर्म राज शर्मा सहित बहुत से जनप्रतिनिधि मौजूद

गहोई वैष्य समाज ने पूर्व अध्यक्षों का किया सम्मान

भिलाई। गहोई वैश्य समाज दुर्ग भिलाई ने अपने अग्रजों की नेतृत्व क्षमता तथा अति-विशिष्ट सेवा भावना के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने के उद्देश्य से अबतक के समस्त पूर्व अध्यक्षों को सम्मानित किया। एम पी हाल जुनवानी भिलाई में समाज के तत्वावधान में चल रहे श्रीमद्भागवत पुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के अंतिम दिवस पर आयोजित विधिवत हवन-यज्ञ के बाद व्यासपीठ पर बैठे द्वारिका शारदा पीठ के ब्रम्हलीन पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी के ध्वज वाहक डॉ इंदु भावानंद के द्वारा गीता सार का आख्यान दिया गया। तत्पश्चात आयोजित कार्यक्रम में समाज की छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय सभा के पूर्व अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया, एवं स्व.जगदीश गुप्ता ब्रिजपुरिया को मरणोपरांत श्रद्धेय आचार्य के आशीर्वाद सहित उनके हाथों से शाल श्रीफल व मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में समाज के पूर्व अध्यक्ष स्व फूलचंद सिजारिया, स्व. रामनारायण गुप्ता (बेहरे), कृष्ण कुमार खंताल, श्याम लाल गुप्ता (ब्रजपुरिया, स्व. शारदा प्रसाद गुप्ता (इटोंदिया) धनीराम गुप्ता कनकने, स्वी नरेन्द्र खरया, गोपाल प्रसाद गुप्ता (बरसैंया), प्रमोद कुमार कुचया को उनकी नेतृत्व क्षमता व समाज सेवा के लिए सम्मानित किया गया। समाज को भवन दान करने वाले श्री महेश दत्त नगरिया को आचार्य श्री के आशीर्वाद सहित सम्मानित किया गया। भागवत सप्ताह में समाज को तन मन धन से सहयोग करने वाले वेलकम डेकोरेटर सुरजीत सिंह सलूजा व प्रकाश केटरर्स के सूरज साहू को समाज मित्र सम्मान से सम्मानित किया गया। समाज के जिन पूर्व अध्यक्षों को मरणोपरांत सम्मान किया गया उनके परिजनों द्वारा आशीर्वाद व सम्मान ग्रहण किया गया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष पवन ददरया ने कहा कि कोई भी समाज अपने पूर्वजों की उपेक्षा करके कभी उन्नति नहीं कर सकता है, उन्होंने सभी पूर्व अध्यक्षों को उनके आशीर्वाद व सतत मार्गदर्शन के लिए तथा नंदकुमार बेहरे, ओमप्रकाश मरेले मोहन बेहरे, विनोद महेंद्र सिजारिया,संदीप नीतू नगरिया, सहित रीना इटोंदिया, आशिमा सिजारिया, श्वेता खरया, निधि कनकने रचना ददरया, अंजू रूसिया, बर्षा बिचपुरिया को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। मंच का संचालन सचिव राकेश गुप्ता रूसिया ने किया। आशीष कनकने उपाध्यक्ष, राजदेव गुप्ता कोषाध्यक्ष, सदस्य आशुतोष कंदेले, अतुल झुड़ेले, अशोक रूसिया, देवेश रूसिया, दिनेश सुहाने, दीपक इटोंदिया, नीरज खरया नीरज कनकने, ज्योति रूसिया, रश्मि बरसैंया, सीमा बेहरे ने कथावाचक डॉ इंदु भावानंद स्वामी जी का आचार्य श्री सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर समाज के भारी संख्या में परिजन उपस्थित थे।

बीएसपी ने जीबीएम 7 वें खदान पर्यावरण और खनिज संरक्षण सप्ताह की मेजबानी की

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के लौह अयस्क कॉम्प्लेक्स आईओसी दल्ली राजहरा ने भारतीय खदान ब्यूरो आईबीएम रायपुर क्षेत्र के तत्वावधान में 7 वें खदान पर्यावरण और खनिज संरक्षण सप्ताह 2023-24 की सामान्य निकाय बैठक जीबीएम की मेजबानी की। एमईएमसी 2023-24 की 7 वीं जीबीएम, 13 अक्टूबर 2023 को भिलाई निवास के एमपी हॉल में आयोजित की गई थी। इस अवसर पर क्षेत्रीय खान नियंत्रक आईबीएम रायपुर एवं संरक्षक एमईएमसी सप्ताह 2023-24 प्रेम प्रकाश, मुख्य अतिथि थे। एमईएमसी सप्ताह 2023-24 के लिए इस वर्ष की थीम 'क्लीन माइन्स ग्रीन माइन्स' है। इस अवसर पर, कार्यपालक निदेशक रावघाट और अध्यक्ष एमईएमसी सप्ताह समीर स्वरूप, कार्यपालक निदेशक खदान और सह-अध्यक्ष एमईएमसी सप्ताह बी के गिरी, मुख्य महाप्रबंधक खान-आईओसी आर बी गहरवार, क्षेत्रीय खनन भूविज्ञानी आईबीएम रायपुर और समन्वयक एमईएमसी सप्ताह 2023-24 देवदुर्लभ दाश और वाइस प्रेसिडेंट मैसर्स गोदावरी पावर एंड इस्पात लिमिटेड और उपाध्यक्ष एमईएमसी सप्ताह 2023-24 जी आर वर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। आईबीएम रायपुर के डीसीओएम उपाध्याय सहित छत्तीसगढ़ की 67 खदानों के 138 प्रतिनिधियों ने 7 वें एमईएमसी सप्ताह 2023-24 की एक दिवसीय आम सभा की बैठक में हिस्सा लिया था। बैठक की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और सामूहिक राष्ट्गान के साथ हुई। मुख्य अतिथि श्री प्रेम प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा, कि खनिज हमारे जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा हैं, जैसा कि हम कहते हैं कि ÷हर किसी के जीवन में थोड़ा सा सेल है÷, वैसे ही यह कहना भी सारहीन नहीं होगा कि ÷हर किसी के जीवन में थोड़ा सा खनिज÷। हालाँकि हमारे पर्यावरण में खनिज सीमित हैं और जितना अधिक हम इन संसाधनों का उपयोग करेंगे, इसका पर्यावरण पर उतना ही प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इसलिए हमें इसका विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग करने और न्यूनतम अपशिष्ट के साथ खनिजों के उपयोग के लिए अधिक अनुसंधान और तकनीकी विकास करने की आवश्यकता है।

साथ ही साथ पर्यावरण के संरक्षण के लिए भी प्रयास करने की आवश्यकता है।

माता पार्वती की प्रतिमा को खंडित करने वाला आरोपी का जुलूस निकाला

भिलाई। भिलाई छावनी थाना क्षेत्र संतोषी पारा कैंप-2 में भगवान शिव और माता पार्वती की प्रतिमा को खंडित कर और वस्त्र उतार कर अपमानित करने वाले आरोपित का छावनी पुलिस ने जुलूस निकाला उसे थाने से पैदल घुमाते हुए उसके मोहल्ले में ले जाया गया वहां से उसे न्यायालय पेश किया गया, जहां से आरोपित को जेल भेज दिया गया है दरम्यानी रात छावनी टीआई सोनल ग्वाला ने बताया कि संतोषी पारा कैंप-दो में भगवान शिव और माता पार्वती की प्रतिमा को तोड़ने की घटना हुई थी आरोपित ने प्रतिमा खंडित करने के बाद माता पार्वती की प्रतिमा पर से वस्त्र भी हटा दिए थे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच के बाद पुलिस ने न्यू गणेश चौक कैंप-दो शारदा पारा निवासी आरोपित रोहित सिंह लोहिया (20) को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपित ने शराब के नशे में देव प्रतिमाओं को तोड़ने की बात स्वीकार की इस घटना को लेकर लोगों में काफी ज्यादा आक्रोश था।

एक नजर

कलेक्टर ने मद्य भंडार कार्यालय का किया निरीक्षण

राजनांदगांव 14 अक्टूबर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने आज विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर मोहारा स्थित मद्य भाण्डागार कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां स्टॉक में उपलब्ध मदिरा का निरीक्षण किया और वाहन से मदिरा के लोडिंग-अनलोडिंग कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने शराब के आवागमन के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने स्टॉक पंजी, सीसीटीवी कैमरे के संबंध में जानकारी ली एवं विधानसभा निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्टॉक पंजी का निरीक्षण किया तथा सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से मद्य भाण्डागार की जानकारी ली। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर श्री गौतम पाटिल, सहायक आयुक्त आबकारी श्री अशोक सिंह, मद्य भाण्डागार अधिकारी श्रीमती नेहा सिंह एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

लेप्रोस्कोपिक सर्जरी पर वर्कशॉप

रायपुर 14 अक्टूबर। पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग द्वारा चिकित्सा महाविद्यालय के हीरक जयंती पर आयोजित हैंड्स ऑन लाइव हिस्टेरोस्कोपी एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी वर्कशॉप के पहले दिन शुक्रवार को पुणे से आये विशेषज्ञ डॉ. विनायक महाजन ने गर्भाशय की विभिन्न समस्याओं से पीड़ित महिलाओं की लाइव सर्जरी कर प्रतिभागियों को हिस्टेरोस्कोपी का लाइव प्रशिक्षण दिया। डॉ. विनायक महाजन के साथ प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति जायसवाल, डॉ रुचि किशोर गुप्ता एवं टीम ने ऑपरेशन थियेटर में मरीजों की जीवंत सर्जरी की और वर्कशॉप में भाग ले रहे प्रतिभागियों ने इसका सीधा प्रसारण इमोक हाल के प्रोजेक्टर पर देखा। कार्यशाला के पहले दिन उद्घाटन सत्र में चिकित्सालय महाविद्यालय की भूतपूर्व अधिष्ठाता एवं वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. आभा सिंह, चिकित्सा महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. तृप्ति नागरिया, अस्पताल अधीक्षक डॉ. एस. बी. एस. नेताम ने अति विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कर सभी डॉक्टरों की हौसलाअफज़ाई की। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर छत्तीसगढ गायनी एंडोस्कोपी के अध्यक्ष डॉ. मनोज चेलानी एवं श्री बालाजी मेडिकल इंस्टीट्यूट के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. देवेन्द्र नायक उपस्थित थे। लाइव हिस्टेरोस्कोपी सर्जरी के संबंध में जानकारी देते हुए डॉ. ज्योति जायसवाल ने बताया कि आज कई प्रकार की हिस्टेरोस्कोपी सर्जरी की गयी। बच्चेदानी के मुख के कैंसर की इलाज करवा रही एक महिला की भी हिस्टेरोस्कोपी सर्जरी की गई। जिसमें उसके गर्भाशय से टेनिस बाल के आकार का एकदम कठोर ट्यूमर (गोला) निकाला गया। यह सर्जरी बहुत जटिल थी क्योंकि महिला पहले से ही रेडिएशन थेरेपी ले चुकी थी। उसके बाद 30 एवं 37 वर्षीय दो महिलाओं के गर्भाशय के फाइब्राइड एवं पॉलिप की सर्जरी की गई। ये दोनों महिलाएं फाइब्राइड के कारण कम उम्र में ही गर्भधारण करने में असमर्थ थीं।

नवरात्रि पर्व की पावन पर्व में ज्योति कलश की स्थापना

कलकसा 14 अक्टूबर। गोंड समाज तहसील इकाई डोंगरगढ़ द्वारा बूढ़ा देव गुफा में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी क्वार नवरात्रि पर्व की पावन पर्व में ज्योति कलश की स्थापना किया जा रहा है। जिसमें जो भी स्वाजाति व स्राधालु बंधुओं अपना ज्योती क्लश रखना चाहते हैं। ओ तहसील कार्यालय छिरपानी डोंगरगढ़ या अध्यक्ष संतोष सिंह पड़ोती, नरोत्तम कुंजाम , प्रवीण मंडावी , भुमका मदन उईके के पास 1100/- रूपये जमा कर रसीद प्राप्त कर सकते हैं। इस बीच प्रतिदिन गोंडी संस्कृति अनुसार सुबह शाम भूमिका (बैगाओ) द्वारा सेवा अर्जी किया जाएगा । गोंडवाना भू भाग के 52 गढ़ 57 परगना डोंगरगढ़ रियासत कालीन के गोंड राजाओं की कुल देवी दाई बमलाई की सेवा अर्जी प्राचीन काल से प्रत्येक नवरात्रि पर्व के पांचवे दिन विशेष पंचमी भेट करने दाई के दरबार जाया करते थे। जिसे गोंड समाज तहसील इकाई डोंगरगढ़ ने पुनः प्रारंभ किया जाता रहा है। इस दिवस बस्तर क्षेत्र से आंगा देव के साथ गोंडी रेला पाटा व सहनाई की धुन में जत्रा चलेगी । यह कार्यक्रम पंचमी 19 अक्टूबर 2023 गुरुवार शाम 5 बजे बूढ़ा देव गुफा से दाई बमलाई मंदिर व गोलबजार में बैगिन दाई , बैगा बाबा तक जत्रा चलेगी । भेट जत्रा में शामिल होकर कार्यक्रम का सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने की अपील किया गया है। उक्त जानकारी समाज की सचिव नंदलाल कोहकट्टा , महेन्द्र नेताम , किशोर , राजेश नेताम , मनोज नेताम ने दी।

आदिवासी समाज ने किया विधायक लक्ष्मी ध्रुव का विरोध

- सिहावा विधानसभा में आदिवासी समाज निर्णायक भूमिका में
- आदिवासी की जमीन की फर्जी रजिस्ट्री में शामिल लोगों को गिरफ्तार करने की मांग

नगरी 14 अक्टूबर। धमतरी-जिले के सिहावा विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव के खिलाफ ब्लाक कांग्रेस कमेटी नगरी के बाद अब सर्व आदिवासी समाज मैदान में उतर कर विधायक का विरोध किया है, और कहा कि 420 के आरोपी और आदिवासी हितों पर कुठाराघात करने वाली लक्ष्मी धुव्र को कांग्रेस का टिकट दिया तो इसका खामियाजा पार्टी को भुगतना होगा, सर्व आदिवासी समाज नगरी सिहावा ने विधायक पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि जिस आदिवासी क्षेत्र से आदिवासी समाज की बदौलत विधायक बनी है उसी समाज के साथ गद्दारी कर आदिवासीयों के संवैधानिक अधिकारों का हनन करके, आदिवासी जमीन को हड़पने वाले गैर आदिवासी परिवार को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। आगे बताया कि विधायक प्रतिनिधि एवं उनके परिवार के लोग आदिवासी परिवार की जमीन को बलपूर्वक कब्जा करके तीन लोगों के नाम रजिस्ट्री करवा लिया है पीड़ित आदिवासी परिवार की विधवा महिला अपने पुश्तैनी जमीन को वापस पाने जगह जगह भटक रही है लेकिन इस गरीब आदिवासी को न्याय नहीं मिल रहा है, बल्कि आदिवासी के जमीन हड़पने वाले को विधायक प्रतिनिधि व प्रमुख सलाहकार बनाकर आदिवासी विरोधी होने का परिचय दिया है

पीड़िता आदिवासी महिला को न्याय दिलाने सर्व आदिवासी समाज एकजुट : आदिवासी समाज ने पीड़ित आदिवासी महिला की जमीन के रजिस्ट्री को निरस्त कर फर्जी वाडा में शामिल विधायक प्रतिनिधि के परिवार और अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की हैं सर्व आदिवासी समाज ने आरोप लगाया है कि विधायक लक्ष्मी धुव्र आदिवासी होते हुए भी अधिकारियों पर दबाव बनाकर आदिवासी की जमीन को फर्जी रूप से गैर आदिवासी के नाम पर रजिस्ट्री कराने का आरोप लगाया है, बिना विधायक के संरक्षण के ऐसा हो नहीं सकता आदिवासी के नाम पर राजनीति करने वाली ऐसे विधायक का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा

उल्लेखनीय है कि पांचवी अनुसूची क्षेत्र नगरी सिहावा में उच्च न्यायालय के गाइडलाइन को दरकिनार करके आदिवासी की जमीन को गैर आदिवासी साहू परिवार के नाम रजिस्ट्री कर दिया है सरकार आदिवासी हितैषी होने की बात करती है लेकिन उनके ही अधिकारी और विधायक आदिवासियों के साथ धोखाधड़ी कर शोषण करने में लगे हैं, आदिवासीयों के संविधानिक अधिकार और सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का खुलेआम धज्जियां उड़ाई गई है,

जबकि हाईकोर्ट का स्पष्ट आदेश है कि छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6) (1) के अनुसार अनुसूचित क्षेत्र में कलेक्टर से अनुमति प्राप्त होने के बाद भी अनुसूचित जनजाति की जमीन को गैर आदिवासी व्यक्ति के नाम रजिस्ट्री नहीं हो सकता, लेकिन विधायक के होते नामुमकिन काम भी फर्जी रूप से हो गया है, अगर इसकी उच्च स्तरीय जांच होती है तो पूरे मामले का खुलासा हो जाएगा

आपको बता दें कि आदिवासी कृषक की ग्राम चुरियारा स्थित भूमि खसरा नंबर 5/17 का वर्तमान खसरा नंबर 614 रकबा 2.70 है उक्त भूमि को विधायक प्रतिनिधि एवं परिवार के लोगों के द्वारा छल कपट कर बल पूर्वक कब्जा कर लिया है इस जमीन को वापस पाने के लिए उक्त आदिवासी कृषक ने मामला अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के न्यायालय में 170 (ख) के तहत प्रकरण दर्ज करवाया था राजस्व अधिकारी ने प्रकरण में सुनवाई के पश्चात पाया कि आदिवासी की जमीन को छल कपट पूर्वक कब्जा किया गया है, दिनांक 26.12.2018 को अनुविभागीय अधिकारी ने फैसला पारित कर आदेश दिया है कि कब्जाधारी साहू परिवार से जमीन वापस लेकर आदिवासी परिवार को कब्जा दिलाया जाए, इसके बावजूद कब्जा नहीं दिलाया और फर्जीवाडा करते हुए इनके नाम पर रजिस्ट्री कर दिया है।

करोड़ों की धोखाधड़ी का मुख्य अरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरिया 14 अक्टूबर। विगत दिनों छुरिया क्षेत्र के साथ पूरे प्रदेश में करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले मुख्य आरोपित सुशील साहू उर्फ सुबेलाल साहू और उनके सहयोगी अजय साहू को पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना में घंटों पूछताछ और डाक्टरी मुलाहिजा के बाद दोनों को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया।

बताया गया कि क्लिक ट्रेड टुडे फाइनेंसियल कंपनी के नाम से दर्जनों लोगों को ठगा गया है। मुख्य आरोपित सुशील साहू व अन्य के खिलाफ तरुण छत्तीसगढ़ में लगातार खबरें प्रकाशित की जा रही थी। इसमें छुरिया पुलिस के ऊपर आरोपितों की गिरफ्तारी का दबाव भी था।

छुरिया पुलिस, जिला पुलिस और साइबर सेल के सहयोग से मुख्य आरोपित को शुक्रवार को हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों का बड़ा गिरोह है। इसमें प्रदेश के कई शहरों के लोग भी शामिल हैं। उन्होंने क्लिक ट्रेड टुडे फाइनेंसियल कंपनी के नाम से कई लोगों से रुपये जमा कराए। बाद में वह राशि हजम कर ली। आगे की जांच में कई और राजफाश होने की संभावना है।

क्लिक ट्रेड के मुख्य आरोपी सुशील साहू उर्फ सुभेलाल साहू एवं सहयोगी अजय साहू को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया गया है,विवेचना के बाद अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी होगी

नवीन कुमार इक्का
प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक एवं
थाना प्रभारी छुरिया

अन्तरराज्यीय गांजा तस्करों को पकड़ने में पुलिस को मिली सफलता

राजनांदगांव 14 अक्टूबर। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमान राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्दे नजर निर्वाचन प्रक्रिया एवं निष्पक्ष शांतिपूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत लगातार संदिग्ध वाहनों एवं असामाजिक तत्वों तथा अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा, नशीली पदार्थ एवं शराब बिक्री करने वालो के विरूद्व चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 12.10..2023 को मुखबीर से सूचना मिला कि राम दरबार चौक मेन रोड़ राजनांदगॉव में 03 व्यापारी अपने-अपने पास गांजा जैसे मादक पदार्थ बैग रखे वाहन का इंतजार कर है, कि सूचना पर तस्दीक हेतु थाना स्तर पर तत्काल टीम गठित कर मय शासकीय वाहन के मौका पहुचकर घेराबंदी कर पकड़े, नाम व पता पूछने पर (01) मोहित पटेल पिता रामजस पटेल उम्र 23 वर्ष साकिन प्लॉट नं. 56 शास्त्री नगर बड़ोद गांव थाना पाण्डेसरा जिला सूरत (गुजरात) (02) प्रवीण मेवाड़ा पिता बाबूलाल मेवाड़ा उम्र 22 वर्ष साकिन जगन्नाथ नगर बड़ोद गांव थाना पाण्डेसरा जिला सूरत (गुजरात) (03) विवेक तिवारी पिता सुरेश तिवारी उम्र 22 वर्ष साकिन गणेश नगर मूर्ती आवास बिल्डिंग नं. बी रूम नं. 34 बड़ोद गांव थाना पाण्डेसरा जिला सूरत (गुजरात) बताये। तीनों के बैग को खुलवाकर चेक करने पर (1) मोहित पटेल के ट्राली बैंग के 8.900 कि0ग्रा0 कीमती 71,200 रूपये (2) प्रवीण मेवाड़ा के एयर बैंग के अंदर 6.592 कि0ग्रा0 कीमती 52,736 रूपये एवं (3) विवेक तिवारी के पिट्ठु बैंग के अंदर 7.172 कि0ग्रा0 मादक पदार्थ कीमती 57,376 रूपये गांजा कुल 22 किलो 664 ग्राम मादक पदार्थ गांजा जुमला किमती 1,81,312 रूपये बरामद हुआ गांजा को रखने ले जाने का कांई वैध दस्तावेज नही पाये जाने पर आरोपियों के कब्जे से 22 किलो 664 ग्राम मादक पदार्थ गांजा जुमला किमती 1,81,312 रूपये एवं 03 नग एन्ड्रायड मोबाईल किमती 25.000 रूपये, 01 नग कीपेड मोबाईल किमती 1000 रूपये कुल किमती 26000 रूपये गांजा सहित मोबाईल की जुमला किमती 2,07,312 रूपये को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की टीम बास्केटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में

राजनांदागांव 14 अक्टूबर। कटक में आयोजित सी बी एस ई क्लस्टर द्धद्ध बास्केटबॉल प्रतियोगिता में युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालक बास्केटबॉल टीम ने सेमीफायनल में प्रवेश किया, जबकि युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिकाओं की टीम ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने अपने पहले मैच में वैदिक इंटरनेशनल स्कूल संबलपुर को 16-00 अंको से, सेंट जेवियर हॉई स्कूल कटक को 22-04 अंको से परास्त किया। युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालक टीम ने अगले मैच में एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल को क्वार्टर फाइनल मैच में 54-11 अंको से परास्त कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालक टीम ने साई इंटरनेशनल स्कूल भुवनेश्वर को 41-10 अंको से परास्त किया । युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव के बालक टीम की ओर से शुभम सिंह, साहिल, प्रदीप कुमार, तुषार, विश्वजीत सिंह, प्रथमेश, लक्ष जायसवाल, लक्ष शर्मा, अभिषेक पाठक, कालवा सर्वज्ञ राव, हिमांशु सिंह, अथर्व प्रताप सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके पूर्व युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालक टीम ने बिरला ज्योति स्कूल सिलीगुड़ी को 33-07 अंकों से, परास्त किया। युगांतर पब्लिक स्कूल की बालिका टीम ने क्वार्टर फाइनल मैच में मदर पब्लिक स्कूल भुवनेश्वर को 22-18 अंको से परास्त कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज का सामूहिक पितृ तर्पण संपन्न

रायपुर 14 अक्टूबर। तर्पण के लिए श्राद्ध पक्ष का विशेष महत्व है । विभिन्न संस्कारों में महत्वपूर्ण संस्कार विद्वानों के सान्निध्य में विधि विधान से, निऱ्शुल्क सामूहिक तर्पण का आयोजन प्रांतीय अंखड ब्राह्मण समाज के द्वारा पितृ मोक्ष तर्पण कार्यक्रम के अंतर्गत महादेव घाट में सम्पन्न हुआ। जिसमें बहुतायत विप्र जन, नगर वासी तर्पण में अपना अपना उल्लेखनीय विशिष्ट योगदान किए। श्राद्ध का वैज्ञानिक पक्ष एवम् महत्व बताते धर्म शास्त्रीय विषयों के प्रमुख एवम बिरगांव ईकाई विप्र प्रकोष्ठ के ब्लाक अध्यक्ष आचार्य पंडित हेमलाल शर्मा ने कहा कि सोलह श्राद्ध में पितृ गण पितृ लोक से मनुष्य लोक में वायव्य गति से आते है और देखते है कि उनके परिजन उनकी मृत्यु तिथि पर श्राद्ध कर्म कर रहे है अथवा नहीं,जो श्राद्ध कर्म करते है उन्हे वे सुखसमृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करते है तथा जो श्राद्ध, तर्पण आदि नही करते है उन्हे वे श्राप देकर पुनः पितृ लोक को लौट जाते है। पं. गौरव दुबे ने बताया की पूर्व में पितृ दोष की हालत निर्मित हुई थी। सामूहिक तर्पण का उद्देश्य ही पितृ दोष, काल सर्प दोष, ग्रहण दोष , मातृ दोष में तर्पण एवम श्राद्ध कर्म की शांति करवाना मुख्य भूमिका है। जहां इस प्रकार के सामूहिक आयोजन होते है वहा का वास्तु दोष स्वतः ही दूर हो जाता है। प्रांतीय अंखड ब्राह्मण समाज के संरक्षण में आयोजित पितृ तर्पण के इस अनुष्ठान के बारे में प्रदेशाध्यक्ष भारती किरण शर्मा ने बताया कि विगत 7 वर्ष से निऱ्शुल्क सामूहिक तर्पण कार्यक्रम का आयोजन यहाँ किया जा रहा है, पं. मेघराज तिवारी के निर्देशन में विद्वत ब्राह्मणों द्वारा उक्त कार्यक्रम को विधि विधान के साथ संपन्न कराया जा रहा है आज 14 अक्टूबर को महादेव घाट में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । पंडित ईश्वर तिवारी ने बताया कि यहां पर कोई भी व्यक्ति अपने पितरों के निमित आकर इस पूर्ण कार्य में अपनी सहभागिता प्रदान कर सकता है। विप्र प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष सुर्यनंद महराज ने बताया कि समाज के तरफ से सर्व पितृअमावस्या पर तर्पण,हवन,पूजन एवम महाप्रसाद की विशेष व्यवस्था रहती है आज इस आयोजन में पंडित मेघराज पंडित हेमलाल जी शर्मा , पंडित ईश्वर तिवारी, भारती शर्मा , पूर्णिमा तिवारी , शुभाषणी शर्मा सरिता ,गौरव दुबे कमलेश उमेश एवं श्राद्ध कर्म हेतु उपस्थित जन समुदाय शामिल हुए।

आयुक्त ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था मुहैया कराने अधिकारियों को दिये निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 14 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ राज्य विधानसभा निर्वाचन 2023 चुनाव के लिये जारी कार्यक्रम पश्चात राजनांदगांव विधानसभा क्रं. 75 हेतु सुचारू मतदान के लिये आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज निर्वाचन प्रशिक्षण केन्द्र म्यूनिस्पल स्कूल सहित निगम सीमाक्षेत्र के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था मुहैया कराने प्र. कार्यपालन अभियंता एवं चुनाव प्रभारी श्री कामना सिंह यादव एवं तकनीकि अधिकारियों को निर्देश दिये। आयुक्त श्री गुप्ता निर्वाचन प्रशिक्षण के लिये सर्वप्रथम म्यूनिस्पल स्कूल (आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल) का निरीक्षण कर प्रशिक्षण संबंधी जानकारी लेकर प्रशिक्षण के सुचारू क्रियान्वयन के लिये अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने तकनीकि अधिकारियों से कहा कि प्रशिक्षण के सभी कक्षों में बैठक व्यवस्था के साथ साथ साउण्ड सिस्टम की व्यवस्था करे तथा पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था भी मुहैया करावे, ताकि प्रशिक्षण में किसी भी प्रकार का व्यवधान न हो। निरीक्षण की कडी में आयुक्त श्री गुप्ता मतदान केन्द्र शासकीय कमला देवी महिला महाविद्यालय, गुरूनानाक स्कूल, रेवाडीह प्राथमिक शाल, देवानंद जैन स्कूल, रामनगर स्कूल, चिखली सामुदायिक भवन एवं प्राथमिक शाला स्टेशन पारा का जायजा लेकर तकनीकि अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी अपने अपने प्रभारित वार्डो के मतदान केन्द्रों में सुचारू मतदान के लिये आवश्यक व्यवस्था मुहैया करावे, उन्होंने कहा कि जर्जर केन्द्र की तत्काल मरम्मत करावे, जहॉ रैम्प नही है वहॉ रैम्प बनवाये, इसके अलावा बिजली, पानी तथा कुर्सी टेबल की पर्याप्त व्यवस्था हो इसका विशेष ध्यान रखे। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों के आस पास साफ सफाई की भी समुचित व्यवस्था हो, इसके लिये स्वास्थ्य अधिकारी से सम्पर्क करे। उन्होंने नवीन परिवर्तित मतदान केन्द्र तथा संगवारी मतदान केन्द्र में भी सभी आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उप अभियंतागण सर्वश्री अनिमेष चंद्राकर, अशोक देवांगन, तिलक राज ध्रुव, मतदान प्रभारी लिपिक श्री सुशील द्विवेदी व श्री पंकज मेश्राम उपस्थित थे।

नगर निगम ने की क्वांर नवरात्रि पर्व के लिये व्यापक व्यवस्था

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 14 अक्टूबर। कलेक्टर जिला राजनांदगांव द्वारा बैठक में दिये गये निर्देश के अनुक्रम में दिनांक 15 अक्टूबर 2023 से 23 अक्टूबर 2023 तक आयोजित क्वार नवरात्रि पर्व पर नगर निगम द्वारा पद यात्रियों की सुविधा के लिये बने पंडालों एवं शहर में मूलभुत सुविधा उपलब्ध कराने निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने निगम के अधिकारियो व कर्मचारियों को दायित्व सौपा है। उक्ताशय की जानकारी देते हुये नगर निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि क्वार नवरात्रि में पद यात्रियों के लिये शहर में बने पंडालों एवं शहर में मूलभूत दायित्वों के निर्वहन के लिये अधिकारियों व कर्मचारियों को दायित्व सौपा गया है। जिसके लिये प्र.सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम (मो.नं. 93016-70006) को नोडल अधिकारी बनाया गया है। साथ ही सभी उप अभियंताओं को अलग अलग प्रभार सौपा गया है। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि 15 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक नवरात्रि पर्व में पद यात्री पंडालो मे प्रातः 6 बजे से दूसरे दिन सुबह 6 बजे तक तीन पालियों में टैंकरों के माध्यम से पेयजल व्यवस्था एवं विद्युत व्यवस्था के लिये उप अधियंताओं की ड्यूटी लगायी गयी है, साथ ही तीनो पालियों में साफ साफाई के लिये प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा, (मो.नं. 93039-47901) को सफाई व्यवस्था प्रभारी का दायित्व सौपा गया है। स्वच्छता निरीक्षक एवं सफाई दरोगा इनके सहयोगी के रूप में कार्य करेंगे। इसी प्रकार डोंगरगढ़ जाने वाले पद यात्री मार्ग में प्रकाश व्यवस्था का दायित्व प्र.सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम (मो.नं. 93016-70006) को सौपा गया है। इनके सहयोगी उप अभियंता एवं लाईनमेन रहेगे। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि उपरोक्त अधिकारी कर्मचारी सौपे गये दायित्वों का नोडल अधिकारी एवं उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन मे रहकर निर्वाहन करेंगे। उन्होंने कहा कि उपरोक्त कार्यो में लगाये गये अधिकारी कर्मचारी आवश्यक सेवा संधारण नियम के अंतर्गत माने जायेगे, सौपे गये कार्यो का निर्वहन पर लापरवाही एवं उदासीनता पाये जाने की दशा में कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

घुमका पुलिस ने हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 14 अक्टूबर। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 11.10.2023 के शाम को घुमका पुलिस को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल घुमका के कर्मचारी के माध्यम से सूचना मिली थी कि ग्राम घुमका निवासी तारेश वर्मा पिता गन्नू वर्मा उम्र 28 वर्ष को मृत हालत मे लाया गया है जिसकी मृत्यु संदेहास्पद है की सूचना पर तत्काल थाना घुमका मे मर्ग कायम कर विवेचना मे लिया गया था।

गवाहों के बयान अनुसार मृतक तारेश वर्मा की हत्या उसके पिता गन्नू लाल वर्मा द्वारा किसी भारी वस्तु से मृतक के सिर व पेट मे वार करने से आयी चोट के कारण होने की जानकारी मिलने पर दिनांक 12.10.2023 को आरोपी पिता गन्नू लाल वर्मा के विरुद्ध थाना घुमका मे अपराध क्रमांक 136/23 धारा 302 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था।

प्रकरण गंभीर होने से श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा के निर्देशन मे अनुविभागीय पुलिस अधिकारी डोंगरगाव श्री दिलीप सिसोदिया के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी निरीक्षक श्री विनय कुमार पम्मार एवं घुमका पुलिस स्टॉफ द्वारा आज दिनांक 13.10.2023 को आरोपी गन्नू लाल वर्मा को हिरासत मे लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि वह अपने एकलौते पुत्र तारेश वर्मा के आये दिन शराब पीकर उससे लड़ाई झगड़ा करने से परेशान था कि दिनांक 11.10.2023 के शाम करीब 04 बजे जब आरोपी व उसका बेटा दोनों घर मे थे बाकी सदस्य काम करने खेत गए हुए थे मृतक शराब के नशे मे था और अपने पिता से लड़ाई झगड़ा कर रहा था बार बार समझाने पर भी नहीं समझने पर शराब पीने की बात को लेकर आरोपी ने अपने बेटे की हत्या करने की नियत से घर मे रखे लकड़ी के वजनदार मुसर से उसके सिर और पेट पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था मृतक की पत्नी, माँ और बाहन जब घर आये तो मृतक बुरी तरह से घायल पड़ा था जिसे तत्काल परिजनों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुमका इलाज हेतु ले गए जहाँ डॉक्टर के द्वारा तारेश वर्मा को मृत घोषित कर दिया। आरोपी के द्वारा घटना मे प्रयुक्त लकड़ी के भारी मुसर,खून धब्बे लगे कपड़े आरोपी के द्वारा छीपाकर रखा गया था जिसे आज दिनांक 13.10.2023 को आरोपी के मेमोरेंडम कथन के आधार पर घटना स्थल के आसपास से बरामद कर जप्त किया गया है आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाए जाने पर आरोपी गन्नू लाल को आज दिनांक 13.10.2023 को विधिवत गिरफ्तार कर रिमांड हेतु माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है।

डोंगरगढ़ में नवरात्रि मेले की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर ने ली बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 14 अक्टूबर। कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने डोंगरगढ़ के मां बम्लेश्वरी मंदिर में 15 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहे क्वांर नवरात्रि पर्व की तैयारी के संबंध में डोंगरगढ़ छिरपानी परिसर में अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि श्रद्धा एव आस्था के केन्द्र डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पदयात्री पहुंचते हैं। देश, प्रदेश एवं दूर दराज से यहां श्रद्धालु एवं पदयात्री पहुंचते हैं। विधानसभा निर्वाचन 2023 को ध्यान में रखते हुए, सभी अधिकारी अपने दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि मां बम्लेश्वरी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं एवं पदयात्रियों के लिए अच्छा सेवा पंडाल एवं अच्छी व्यवस्था रहे। उन्होंने रोपवे के मेन्टेनेंस के संबंध में जानकारी ली। रोपवे संचालक को रोपवे का फिटनेस सर्टिफिकेट देने कहा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा सर्वोपरि है। कलेक्टर ने कहा कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मेले में चाक चौबंद व्यवस्था होनी चाहिए। कलेक्टर ने पेयजल की नियमित आपूर्ति करने, विद्युत, साफ-सफाई व्यवस्था, बेरिकेटिंग, पार्किंग व्यवस्था तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेला के दौरान भीड़ की स्थिति नहीं होनी चाहिए। इसके लिए पार्किंग एवं अन्य व्यवस्था के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए। पार्किंग के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी होनी चाहिए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए चिकित्सा व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने रोपवे एवं मेला स्थल पर लगने वाले झूलों का फिटनेस सर्टिफिकेट एसडीएम डोंगरगढ़ एवं पुलिस विभाग को प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं एवं पदयात्रियों की सुविधा, स्वास्थ्य, विश्राम, चाय-नाश्ता, भोजन, पेयजल की निरंतर उपलब्धता बनी रहे। बैठक में रूट चार्ट, पार्किंग एवं अन्य जरूरी बातों के संबंध में चर्चा की गई। प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्री राहुल शर्मा ने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर अच्छी व्यवस्था की गई है ताकि किसी भी तरह से यात्रियों को दिक्कत का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि लोगों की सुरक्षा और बेहतर ट्रैफिक के लिए हर संभव प्रयास पुलिस द्वारा किए जाएंगे। इस अवसर पर एसडीएम डोंगरगढ़ श्री गिरीश रामटेके, माँ बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्री अनिल गट्टानी, सह सचिव श्री बबलू शांडिल्य, माँ बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के सदस्य, सेवा पंडाल संचालक व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

संपादकीय

सुरक्षा को लेकर राजनीति न हो

नक्सल प्रभावित क्षेत्र में नक्सली आए दिन हत्या करते रहते हैं,इनमें राजनीतिक दल के नेताओं की भी हत्या की जाती है। इसलिए राजनीतिक दलों से जुड़े नेता बस्तर में खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं,वह राज्य सरकार व केंद्र सरकार से सुरक्षा चाहते हैं। नक्सल प्रभावित इलाके में राजनीतिक दलों के नेताओं सहित सभी लोगों की रक्षा करना राज्य व केंद्र सरकार का काम है। अगर राजनीतिक दलों के नेताओं की हत्या की आशंका है तो उन राजनीतिक दलों के नेताओं को जरूर राज्य सरकार व केंद्र सरकार से सुरक्षा मिलनी चाहिए। नेताओं की सुरक्षा पर राजनीति नहीं करनी चाहिए, जिन नेताओं की हत्या नक्सली कर सकते हैं, उन्हें तो सुरक्षा जरूर मिलनी चाहिए। चुनाव का वक्त है, नक्सली कुछ भी कर सकते हैं। चुनाव के समय ही तो झीरम कांड हुआ था, बहुत सारे कांग्रेस नेताओं की नक्सलियों ने एक साथ हत्या कर दी थी। इसके बाद तो कम से कम राजनीतिक दलों को बस्तर में नेताओं की सुरक्षा को लेकर राजनीति नहीं करनी चाहिए। नेता चाहे भाजपा के हों या कांग्रेस के हों, सबकी जान कीमती है। सबकी जान की रक्षा करना सरकार का काम है। अगर वह यह काम कर रही है तो किसी भी राजनीतिक दल को यह सवाल तो नहीं उठाना चाहिए कि भाजपा नेताओं को सुरक्षा क्यों दी जा रही है, बाकी दल के नेताओं को सुरक्षा क्यों नहीं दी जा रही है।कांग्रेस प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने केद्र सरकार द्वारा भाजपा के 24 नेताओं को सुरक्षा देने पर सवाल उठाया है कि आखिर भाजपा नेताओं को ही सुरक्षा क्यों दी गई है, सवाल उठाया गया है कि क्या राज्य में भाजपा नेताओं को ही जान का खतरा ही,दूसरे दलों के नेताओं की जान को कोई खतरा नहीं हैं। भाजपा की तरफ से कहा गया है कि राज्य सरकार ने भाजपा नेताओं की सुरक्षा वापस ले ली है, इसलिए केंद्र सरकार ने भाजपा नेताओं की सुरक्षा व्यवस्था की है। जहां तक इस सवाल की बात है कि क्यों बस्तर में भाजपा नेताओं को ही खतरा है तो भाजपा नेता कह सकते हैं कि हां बस्तर में भाजपा नेताओं को ही ज्यादा खतरा है, क्योंकि नक्सली चुन कर भाजपा नेताओं की हत्या की है, अब तक बस्तर में पांच बड़े भाजपा नेआतों की हत्या हो चुकी है। ऐसे में भाजपा नेताओं ने यदि केंद्र सरकार से सुरक्षा मांगी और केंद्र सरकार उन्हें सुरक्षा दे रही है तो यह कहीं से भी न तो गलत है न ही दूसरों के साथ किसी तरह का पक्षपात है। हाल ही में केंद्र सरकार ने विदेश मंत्री की सुरक्षा और बेहतर की है तो कोई यह सवाल उठा सकता है कि क्या सिर्फ विदेश मंत्री की जान को ही खतरा है, बाकी मंत्रियों की जान को खतरा नहीं है तो यह देखना सरकार काम है कि किसकी जान को कितना खतरा है तथा उसकी सुरक्षा के लिए क्या व्यवस्था की जा सकती है। जो केंद्र व राज्य सरकार का काम है, उसे करने देना चाहिए। सवाल उठाकर राजनीति नहीं करनी चाहिए। जहां तक सवाल भाजपा नेताओं को सुरक्षा देना राज्य सरकार को बदनाम करने का प्रयास है तो राज्य सरकार तो तब भी बदनाम होती है जब बस्तर में आए दिन हत्या होती है, लोगों का अपहरण किया जाता है। नकस्ली जन अदालत लगाकल लोगों को सजा देते हैं। सवाल तो तभी उठ सकता है जब एक लाख जवानों की तैनाती कर राज्य में चुनाव कराए जाएंगे। दूसरे राज्य के लोग पूछ सकते हैं कि छत्तीसगढ़ में इतने जवानों की तैनाती क्यों जरूरी है। जब छत्तीसगढ़ सरकार दावा करती रही है कि नक्सली कमजोर हुए हैं। यह चुनाव आयोग का काम है कि वह सुरक्षा की ऐसी व्यवस्था करे कि लोग बिना डरे वोट डाल सकें। राजनीति करने के लिए और भी बहुत से विषय है। राजनीतिक दलों को सुरक्षा को लेकर राजनीति करना शोभा नहीं देता है।

चुनौती एवं गंभीर समस्या बन रहा है ई-कचरा?

ई-अपशिष्ट दिवस

ललित गर्ग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट का जिक्र किया था। उन्होंने लोगों से आह्वान किया था कि पर्यावरण को बचाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक-कचरे का प्रभावी प्रबंधन करना होगा। गौरतलब है कि भारत में साल 2011 से ही इलेक्ट्रॉनिक कचरे के प्रबंधन से जुड़ा नियम लागू है। बाद में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा ई-कचरा (प्रबंधन) नियम, 2016 लागू किया गया था।

दुनिया डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं की ओर तेजी से बढ़ रही है, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं एवं इलेक्ट्रोनिक क्रांति ने लोगों के जीवन को आसान बना दिया है, लेकिन अर्थव्यवस्था एवं जीवन का डिजिटल अवतार इलेक्ट्रोनिक कचरे की शक्ल में एक नयी चुनौती एवं जटिल समस्या को लेकर आया है। घरों में इस्लेमाल होनेवाले कूलर, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर जैसी वस्तुओं के अलावा कार्यालय में लैपटॉप, कम्पयूटर, मोबाइल, डिजिटल घड़ी, टीवी तय समय के बाद ई-कचरे में परिवर्तित हो जाते हैं, इस ई-कचरे एवं ई-अपशिष्ट के प्रभावों को प्रतिबिंबित करने एवं इसे नियंत्रित करने की जागरूकता के अवसर के रूप में वर्ष 2018 से प्रतिवर्ष 14 अक्तूबर को अंतर्राष्ट्रीय ई-अपशिष्ट दिवस अपशिष्ट विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण फोरम (डब्ल्यूईईई) द्वारा मनाया जाता है। दुनियाभर में 46 देशों सक्रिय डब्ल्यूईईई फोरम एक उत्पादक उत्तरदायित्व संगठन है, जो एक गैर-लाभकारी संघ है, जिसकी स्थापना अप्रैल 2002 में हुई थी। संयुक्त राष्ट्र भी कहता है कि दुनियाभर में ई-कचरा 53.6 मिलियन टन उत्पन्न हो रहा हैं। इसमें से केवल 17.4 प्रतिशत का ही संग्रहण और पुनर्चक्रण किया जाता है। यह भी अनुमान है कि 2030 तक 74 मिलियन टन ई-कचरा उत्पन्न होगा। प्रौद्योगिकी में तेजी से प्रगति, शहरीकरण प्रक्रिया और आर्थिक विकास ई-कचरे में तेजी से वृद्धि के प्रमुख कारण हैं। अपशिष्ट विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण (डब्ल्यूईईई) फोरम के अनुसार, वर्ष 2022 में लगभग 5.3 बिलियन मोबाइल/स्मार्टफोन उपयोग से बाहर हो गये थे।

लगातार बढ़ रहा ई-कचरा न केवल भारत के लिये बल्कि समूची दुनिया के बड़ा पर्यावरण, प्रकृति एवं स्वास्थ्य खतरा है। ई-कचरा से तात्पर्य उन सभी इलेक्ट्रानिक और इलेक्ट्रिकल उपकरणों (ईईई) तथा उनके पार्ट्स से है, जो उपभोगकर्ता द्वारा दोबारा इस्तेमाल में नहीं लाया जाता। ग्लोबल ई-वेस्ट मानिटर-2020 के मुताबिक चीन और अमेरिका के बाद भारत दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा ई-वेस्ट उत्पादक है। चूंकि इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रानिक उपकरणों को बनाने में खतरनाक पदार्थों (शीशा, पारा, कैडमियम आदि) का इस्तेमाल होता है, जिसका मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर दुष्प्रभाव पड़ता है। दुनियाभर में इस तरह से उत्पन्न हो रहा ई-कचरा एक ज्वलंत समस्या के रूप में सामने आ रहा है। पारा, कैडमियम, सीसा, पॉलीब्रोमिनेटेड फ्लेम रिटार्डेंट्स, बेरियम, लिथियम आदि ई-कचरे के जहरीले अवशेष मानव स्वास्थ्य के लिए बहुत खतरनाक होते हैं इन विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आने पर मनुष्य के हृदय, यकृत, मस्तिष्क, गुर्दे और कंकाल प्रणाली की क्षति होती है। इसके अलावा, यह ई-वेस्ट मिट्टी और भूजल को भी दूषित करता है। ई-उत्पादों की अंधी दौड़ ने एक अन्तहीन समस्या को जन्म दिया है। शुद्ध साध्य के लिये शुद्ध साधन अपनाने की बात इसीलिये जरूरी है कि प्राप्त ई-साधनों का प्रयोग सही दिशा में सही लक्ष्य के साथ किया जाये, पदार्थ संयम के साथ इच्छा संयम हो।

आज दुनिया के सामने कई तरह की चुनौतियां हैं, जिसमें से ई-वेस्ट एक नई उभरती विकराल एवं विध्वंसक समस्या भी है। दुनिया में हर साल 3 से 5 करोड़ टन ई-वेस्ट पैदा हो रहा है। ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर के मुताबिक भारत सालाना करीब 20 लाख टन ई-वेस्ट पैदा करता है और अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी के बाद ई-वेस्ट उत्पादक देशों में 5वें स्थान पर है। ई-अपशिष्ट दिवस रीसाइक्लिंग और ई-कचरे को कम करने के महत्व पर बल देता है। इस दिन को मनाना और ई-कचरे के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है क्योंकि केवल 78 देशों में ही ई-कचरा प्रबंधन अच्छा है। विश्व की केवल 71 प्रतिशत जनसंख्या ई-कचरा कानून के अंतर्गत आती है। ई-वेस्ट के निपटारे में भारत काफी पीछे है, जहां केवल 0.003 मीट्रिक टन का निपटारा ही किया जाता है। यूएन के मुताबिक, दुनिया के हर व्यक्ति ने साल 2021 में 7.6 किलो ई-वेस्ट डंप किया। भारत में हर साल लगभग 25 करोड़ मोबाइल ई-वेस्ट हो रहे हैं। ये आंकड़ा हर किसी को चौंकाता है एवं चिंता का बड़ा कारण बन रहा है, क्योंकि इनसे कैंसर और डीएनए डैमेज जैसी बीमारियों के साथ कृषि उत्पाद एवं पर्यावरण के सम्मुख गंभीर खतरा भी बढ़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, ई-कचरे से निकलने वाले जहरीले पदार्थों के सीधे संपर्क से स्वास्थ्य जोखिम हो सकता है।

दुनिया भर में इलेक्ट्रॉनिक कचरे के बढ़ने की सबसे बड़ी वजह इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की तेजी से बढ़ती खपत है। आज हम जिन इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को अपनाते जा रहे हैं उनका जीवन काल छोटा होता है। इस वजह से इन्हें जल्द फेंक दिया जाता है। जैसे ही कोई नई टेक्नोलॉजी आती है, पुराने को फेंक दिया जाता है। इसके साथ ही कई देशों में इन उत्पादों के मरम्मत और रिसायक्लिंग की सीमित व्यवस्था है या बहुत महंगी है। ऐसे में जैसे ही कोई उत्पाद खराब होता है लोग उसे ठीक कराने की जगह बदलना ज्यादा पसंद करते हैं। साल 2021 में डेफ्ट यूनिवर्सिटी आफ टेक्नोलाजी द्वारा किए गए सर्वेक्षण में फोन बदलने का सबसे बड़ा कारण साफ्टवेयर का धीमा होना और बैटरी में गिरावट रहा। यूनाइटेड नेशंस यूनिवर्सिटी की ओर से जारी 'ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर 2020 रिपोर्ट के मुताबिक साल 2019 में दुनिया में 5.36 करोड़ मीट्रिक टन ई-कचरा पैदा हुआ था। अनुमान है कि साल 2030 तक इस वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक कचरे में तकरीबन 38 प्रतिशत तक वृद्धि हो जाएगी। अब आप अंदाजा लगा सकते हैं कि यह समस्या कितनी बड़ी है और आने वाले समय में यह और कितना बढ़ने वाली है। बात अगर दिल्ली की करें तो यहां हर साल 2 लाख टन ई-कचरा पैदा होता है। हालांकि, इसे वैज्ञानिक और सुरक्षित तरीके से हैंडल नहीं किया जा रहा है। इससे आग लगने जैसी कई जानलेवा घटनाएं हो चुकी हैं, जो दिल्ली के निवासियों और कूड़ा उठाने वालों के स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। इसी क्रम में अभी हाल ही में दिल्ली सरकार ने घोषणा की है कि दिल्ली में भारत का पहला ई-कचरा इको-पार्क खोला जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट का जिक्र किया था। उन्होंने लोगों से आह्वान किया था कि पर्यावरण को बचाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक-कचरे का प्रभावी प्रबंधन करना होगा।

गौरतलब है कि भारत में साल 2011 से ही इलेक्ट्रॉनिक कचरे के प्रबंधन से जुड़ा नियम लागू है। बाद में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा ई-कचरा (प्रबंधन) नियम, 2016 लागू किया गया था। इस नियम के तहत पहली बार इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के निर्माताओं को विस्तारित निर्माता जिम्मेदारी के दायरे में लाया गया। नियम के अंतर्गत उत्पादकों को ई-कचरे के संग्रहण तथा आदान-प्रदान के लिये उत्तरदायी बनाया गया है और उल्लंघन की स्थिति में दंड का प्रावधान भी किया गया है। कई लोग या कंपनियां अपने पुराने लैपटॉप, कंप्यूटर या मोबाइल को वेस्ट कर देते हैं, जो ई-वेस्ट के रूप में सामने आते हैं। लेकिन आप ऐसे में इसे किसी जरूरतमंद को दे सकते हैं। इसके लिये लायंस क्लब इन्टरनेशनल-डिस्ट्रिक-321-ए ने अनूठी एवं अनुकरणीय पहल करते हुए ई-अवशेषों एवं वेस्ट को एकत्र कर रही है। अन्य जनसेवी संस्थाएं भी ऐसे सराहनीय उपक्रम कर रही है।

भारत सरकार ई-कचरे के निपटारे के लिए प्रबंधन नीति लाई थी, लेकिन वह कारगर नहीं साबित हुई और अब रिसाइकल इंसेंटिव के साथ नई नीति ला रही है। ताकि ई-निर्माण इकाइयां ई-वेस्ट का रिसाइकल करने और पर्यावरण बचाव के प्रति जवाबदेह हो सकें। मौजूदा समय देश में यह काम बड़े स्तर पर असंगठित क्षेत्र द्वारा किया जाता है, जहां ई-वेस्ट का निपटारा गलत एवं अवैज्ञानिक तरीकों से किया जा रहा है। सरकार ने ई-कचरा (प्रबंधन) नियम-2022 अधिसूचित किया है, जो प्रत्येक विनिर्माता, उत्पादक, रिफर्बिसर, डिस्मैंटलर और ई-वेस्ट रिसाइकलर पर लागू होगा। ई-वेस्ट अर्थात इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट को लेकर केंद्र सरकार सख्त है और इसे लेकर केंद्र सरकार ने नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। दिशानिर्देशों के अनुसार अब जो भी ई-वेस्ट पैदा करेगा उन्हें उसे नष्ट करने की जिम्मेदारी भी उठानी होगी।

विजन और अबसेशन

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

सेल्सबॉय सूट-बूट पहने, आइए-आइए सर! 'महास्मार्ट शॉपिंग मॉल' में आपका स्वागत है। हमारे पास सभी सीजन की टेक्निकल चीजें मिलती हैं। ग्राहक ने कहा, यह क्या, यहाँ तो बड़ी ठंडक है। बदन जकड़ा जा रहा है। ऐसी ठिठुरती ठंडी में आदमी सामान खरीदने से ज्यादा शौचालय के चक्कर लगाएगा।

साहब यह सब हमारे 'महास्मार्ट एसी' का कमाल है। एकदम हाइली अडवांस टेक्निक से काम करता है। शरीर के भार और आकार के हिसाब से या यूँ कहिए कि उसके क्षेत्रफल के हिसाब से उतनी ही ठंडक देता है जितना कि सामने वाला सह जाए। मालिक को मालिक के हिसाब से, मालकिन को मालकिन के हिसाब से ठंडक देता है। एक बार यह एसी आपके दिमाग में बैठ गया तो आप दूसरे एसी के बारे में भूलकर भी नहीं सोचेंगे।

हाँ-हाँ सही कहते हो। ठंड के मारे मेरा दिमाग जकड़ा जा रहा है। सिरदर्द होने लगा है। आदमी जो लेगा सो लेगा उससे पहले वह अपना इलाज कराने अस्पताल जाएगा।

यह सब छोड़िए साहब! बताइए आपको क्या चाहिए?

मुझे कुछ नए प्रॉडक्ट्स दिखायें। एकदम हाइली अडवांस और स्मार्ट।

जरूर-जरूर! साहब यह छतरी देखिए। गर्मी में धूप से बचाता है और बरसात में पानी से।

वाह! क्या कमाल की छतरी है। इतनी कमाल की छतरी को शोरूम में क्यों, विश्व धरोहर के अंतर्गत संग्रहालय में रखवाना चाहिए।

अरे साहब! आप मजाक समझते हैं। यह कोई ऐसी-वैसी छतरी नहीं है। धूप में एसी बनकर ठंडक देता है। बरसात में पानी सोख लेता है।

अच्छा-अच्छा! यह सब रहने दीजिए। आपके पास सभी सीजन के लिए कोई अच्छा सा कोट है?

हाँ-हाँ क्यों नहीं! यह देखिए 'ऑल सीजनल 365' कोट। यह बड़ा कमाल का कोट है। ठंडी में गर्मी और गर्मी में ठंडक देता है।÷

अगर बरसात और गर्मी एक साथ आ जाए तो

तब तो यह कोट और भी बढ़िया काम करता है। बरसात के पानी को बर्फ बनाकर गर्मी भगा देता है।

यहाँ तो सभी आइटम ऑल सीजनल हैं। ऐसा क्यों?

साहब पहले बरसात के समय बरसात, ठंडी के समय ठंडी और गर्मी के समय गर्मी का मौसम आता था। अब सभी मौसम कॉकटेल की तरह मिलकर आते हैं। इसलिए हमें ऐसे प्रॉडक्ट्स बनाने पड़ रहे हैं, जो सभी मौसम में काम कर सके।

तब तो वह दिन दूर नहीं कि आप लोग ऐसे भी कोट बनायेंगे जो एकदम पारदर्शी होंगे।

जिसे केवल पैसे देने वाला महसूस कर सकेगा और बाकी लोग बिलकुल नहीं।

साहब आपको कैसे पता?

क्योंकि आप लोग व्यापार नहीं कर रहे, ग्राहक का मजाक उड़ा रहे हैं। सीजन के नाम पर ग्राहक का विजन खराब करके रख दिया है।

कान की मालिश स्वास्थ्य के लिए है फायदेमंद

कान की मालिश को अंग्रेजी में ऑरिकुलर थेरेपी या ईयर रिफ्लेक्सोलॉजी कहते हैं। यह थेरेपी तनाव और थकान से राहत दिलाने में मदद करती है।ऐसा इसलिए होता है क्योंकि जब आप मालिश करते हैं तो कान पर कुछ दबाव बिंदु सक्रिय हो जाते हैं।इसके अलावा कान की मालिश रोग संबंधी विकारों और शारीरिक बीमारियों से लड़ने में भी मदद करती है।चलिए आज हेल्थ टिप्स में कान की मालिश करने के 5 प्रमुख फायदे जानते हैं।

मांसपेशियों के दर्द से दिलाता है राहत

अगर आपकी मांसपेशियों में दर्द है तो कान की मालिश करके इससे राहत मिल सकती है।इसके लिए अपने कान के लोब (नरम वाला हिस्सा) को धीरे से खींचें और अच्छे से रगड़ें।ऐसा करने से ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है और तांत्रिकाओं को तेज करने में मदद मिलती है। इससे शरीर में एंडोर्फिन नामक दर्द निवारक हार्मोन जारी होता है।ये 5 चीजें मांसपेशियों के दर्द से प्राकृतिक इलाज करने में मददगार हैं।

सिर का दर्द होगा दूर

कई लोग सिरदर्द की समस्या होने पर दर्द निवारक दवाओं का सेवन करते हैं।हालांकि, सिरदर्द से राहत पाने के लिए कान की मालिश दवाओं से बेहतर तरीके से काम करता है। इस कारण अगली बार सिरदर्द होने पर अपने हाथों से आराम से कान की मालिश करें।इस समस्या से जल्द राहत पाने के लिए आप पुदीने की चाय भी पी सकते हैं।

नवरात्रि विशेष

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गज पर सवार होके आजा शेरावालिए, मां ज्योतावालिए

वैश्विक स्तरपर आदि अनादि काल से भारत आध्यात्मिक, आस्था का प्रतीक रहा है, जो हजारों वर्षों पूर्व के इतिहास में दर्ज है,जिसे हम कहानियों मान्यताओं के रूप में अपने पूर्वजों, पूर्वज पीडियों और वर्तमान में बड़े बुजुर्गों से सुनते आ रहे हैं। भारत एक सर्वधर्म धर्मनिरपेक्ष देश है जहां हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सहित अनेकों जातियों प्रजातियों उपजातियों द्वारा अपने-अपने स्तर व मान्यताओं के अनुसार धार्मिक अनुष्ठान करते हैं। किसी को कोई पाबंदी नहीं है, यही भारतीय संविधान की खूबसूरती है, यह हम आज इसलिए कह रहे हैं क्योंकि 15 से 23 अक्टूबर 2023 तक शुभ नवरात्रा दिवस हैं जो प्रतिवर्ष अक्टूबर महीने की भिन्न-भिन्न तिथियां में मनाए जाते हैं। यह किसी एक राज्य में नहीं बल्कि अनेक राज्यों में गहरी आस्था के साथ मनाया जाता है। इस अवधिमें कठोर व्रत रखा जाता हैअपनीअपनी मान्यता सार्थकता के अनुसार- चप्पल नहीं पहनना, बाल शेविंग नहीं बनाना, नीचे धरती पर सोना,, ब्रह्मचर्य रहना मौन धारण करना सहित अपनी शक्ति के अनुसार अनेक प्रकारों की के बातों से दूर रहने का पालन अपनीमनोकामना पूरा करने, फल की चाहना के लिए मां दुर्गा काली से कामना करते हैं। इस वर्ष 15 से 23 अक्टूबर 2023 को 400 वर्षों बाद 9 दिन शुभ वाली स्थिति आई है जिसमें नवरात्र के 9 दिन ही खरीदी, निवेश सबसे अधिक फायदेमंद होने की बात धार्मिक विशेषज्ञों द्वारा बताई गई है तथा एक महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बार मां दुर्गा गज यानें हाथी पर विराजमान होकर आ रही है।कुछ वर्षा साथ लेकर व विसर्जन के दौरान भी वर्षा का योग है। चूंकि इस वर्ष 9 दिन की नवरात्रा विशेष महत्वपूर्ण योग लेकर आई है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत में नवरात्र उत्सव कष्टों से मुक्ति, सुख समृद्धि का प्रतीक है। इस वर्ष 9 शुभ योग में नवरातत्रा के कारण खरीदी, निवेश फायदेमंद होंगे, ऐसा धार्मिक विशेषज्ञों का अनुमान है। साथियों बात अगर हम इस बार 15 -23 अक्टूबर 2023 को माता की सवारी और उसके महत्व की करें तो,इस बार शारदीय नवरात्रि की शुरुआत रविवार से हो रही है और जब रविवार के दिन से नवरात्रि शुरू होती है तो माता का वाहन हाथी होता है। हाथी पर सवार होकर माता का आगमन अधिक वर्षा का संकेत देता है। वैसे तो अलग अलग वार याने दिन के अनुसार नवरात्रि में मां दुर्गा के वाहन डोली, नाव, घोड़ा, भैंसा, मनुष्य व हाथी होते हैं, मान्यता के अनुसार यदि नवरात्रि सोमवार या रविवार से शुरू हो रही है तो मां दुर्गा का वाहन हाथी होता है, जो अधिक वर्षा के संकेत देता है। वहीं यदि नवरात्रि मंगलवार और शनिवार शुरू होती है, तो मां का वाहन घोड़ा होता है, जो सत्ता परिवर्तन का संकेत देता है। इसके अलावा गुरुवार या शुक्रवार से शुरू होने पर मां दुर्गा डोली में बैठकर आती हैं जो रक्तपात, तांडव, जन-धन हानि का संकेत बताता है। वहीं बुधवार के दिन से नवरात्रि की शुरुआत होती है, तो मां नाव पर सवार होकर आती हैं। नाव पर सवार माता का आगमन शुभ होता है। अगर नवरात्रि का समापन रविवार और सोमवार के दिन हो रहा है, तो मां दुर्गा भैंसे पर सवार होकर जाती हैं, जिसे शुभ नहीं माना जाता है। इसका मतलब होता है कि देश में शोक और रोग बढ़ेंगे। वहीं शनिवार और मंगलवार को नवरात्रि का समापन हो तो मां जगदंबे मुर्गे पर सवार होकर जाती हैं। मुर्गे की सवारी दुख और कष्ट की वृद्धि को ओर इशारा करता है। बुधवार और शुक्रवार को नवरात्रि समाप्त होती है, तो मां की वापसी हाथी पर होती है, जो अधिक वर्षा को ओर संकेत करता है। इसके अलावा यदि नवरात्रि का समापन गुरुवार को हो रहा है तो मां दुर्गा मनुष्य के ऊपर सवार होकर जाती हैं, जो सुख और शांति की वृद्धि की ओर इशारा करता है।

साथियों बात अगर हम नवरात्र उत्सव आगमन की मान्यताओं की करें तो इस वर्ष नौ शुभ योग हैं। सितारों की ऐसी स्थिति पिछले 400 सालों में नहीं बनी।इस बार नवरात्रि का हर दिन शुभ रहेगा। इन दिनों में प्रॉपर्टी खरीदने से लेकर नया बिजनेस शुरू करने तक हर मुहूर्त रहेगा। इन दिनों में सिर्फ पूजा-पाठ ही नहीं होती, नई शुरुआत और खरीदारी के लिए भी ये दिन बहुत शुभ होते हैं। 15 अक्टूबर से शुरू होने वाली नवरात्रि अखंड रहेगी यानी अंग्रेजी तारीख और तिथियों का ठीक तालमेल होने से एक भी तिथि कम नहीं होगी। इस तरह पूरे नौ दिनों का शक्ति पर्व होना शुभ संयोग है।विशेष योग संयोग में गहने, नई प्रॉपर्टी की खरीद या फ्लैट बुक कराना फायदेमंद रहेगा। साथ ही नए कामों की शुरुआत करना भी सफलतादायक रहेगा। गाड़ी, स्वर्ण, चांदी, वस्त्रत्त्, बर्तन की खरीदारी शुभ रहेगा. वहीं आभूषण, गाड़ी, भूमि, भवन, गृह सामग्री फ्रिज, टीवी आदि खरीदना शुभ साबित होगी. अपने पसंदीदा सामान की इस दौरान खरीदारी कर घरों में खुशियां ला सकते हैं। शारदीय नवरात्रि के साथ ही खरीदारी और निवेश के लिए भी शुभ समय की शुरुआत हो चुकी है। देवी दुर्गा का आगमन कष्टों से मुक्ति का संकेत दे रहा है। ये सुख-समृद्धि का प्रतीक है. हाथी का संबंध विघ्नहर्ता गणेश और देवी महालक्ष्मी से भी है। इस कारण इन दिनों की गई खरीदारी शुभ होगी और निवेश लंबे समय तक फायदा देने वाला रहेगा। तिथि, वार और नक्षत्रों से मिलकर सर्वार्थसिद्धि, राजयोग, त्रिपुष्कर, अमृतसिद्धि और रवियोग बन रहे हैं. इन शुभ संयोगों से सुख और समृद्धि बढ़ेगी।

साथियों बात अगर हम नौ शुभ तिथियों और शारदीय नवरात्र की तिथियों की करें तो, 15 अक्टूबर - पद्म और बुधादित्य योग, 16 अक्टूबर - छत्र योग, स्वाती नक्षत्र और भद्रा तिथि का संयोग 17 अक्टूबर - प्रीति, आयुष्मान और श्रीवत्स योग 18 अक्टूबर - सर्वार्थसिद्धि और अमृतसिद्धि योग 19 अक्टूबर - ज्येष्ठा नक्षत्र और पूर्णा तिथि संयोग 20 अक्टूबर - रवियोग, षष्ठी तिथि और मूल नक्षत्र का संयोग 21 अक्टूबर - त्रिपुष्कर योग। 22 अक्टूबर - सर्वार्थसिद्धि और रवियोग 23 अक्टूबर -सर्वार्थसिद्धि और रवियोग (2) शारदीय नवरात्रि की तिथियां -15 अक्टूबर 2023 - मां शैलपुत्री (पहला दिन) प्रतिपदा तिथि 16 अक्टूबर 2023 - मां ब्रह्मचारिणी (दूसरा दिन) द्वितीया तिथि 17 अक्टूबर 2023 - मां चंद्रघंटा (तीसरा दिन) तृतीया तिथि 18 अक्टूबर 2023 - मां कुष्मांडा (चौथा दिन) चतुर्थी तिथि 19 अक्टूबर 2023 - मां स्कंदमाता (पांचवा दिन) पंचमी तिथि 20 अक्टूबर 2023 - मां कात्यायनी (छठा दिन) षष्ठी तिथि 21 अक्टूबर 2023 - मां कालरात्रि (सातवां दिन) सप्तमी तिथि 22 अक्टूबर 2023 - मां महागौरी (आठवां दिन) दुर्गा अष्टमी 23 अक्टूबर 2023 - महानवमी, (नौवां दिन) शरद नवरात्र व्रत पारण 24 अक्टूबर 2023 - मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन, दशमी तिथि (दशहरा) साथियों बात कर हम कन्याओं और देवी के शास्त्रों की पूजा की करें तो, अष्टमी को विविध प्रकार से मां शक्ति की पूजा करें. इस दिन देवी के शस्त्रों की पूजा करनी चाहिए. इस तिथि पर विविध प्रकार से पूजा करनी चाहिए और विशेष आहुतियों के साथ देवी की प्रसन्नता के लिए हवन करवाना चाहिए. इसके साथ ही 9 कन्याओं को देवी का स्वरूप मानते हुए भोजन करवाना चाहिए. दुर्गाष्टमी पर मां दुर्गा को विशेष प्रसाद चढ़ाना चाहिए. पूजा के बाद रात्रि को जागरण करते हुए भजन, कीर्तन, नृत्यादि उत्सव मनाना चाहिए, 2 साल की कन्या को कुमारी कहा जाता है. इनकी पूजा से दुख और दरिद्रता खत्म होती है। 3 साल की कन्या त्रिमूर्ति मानी जाती है. त्रिमूर्ति के पूजन से धन-धान्य का आगमन और परिवार का कल्याण होता है। 4 साल की कन्या कल्याणी मानी जाती है. इनकी पूजा से सुख-समृद्धि मिलती है। 5 साल की कन्या रोहिणी माना गया है. इनकी पूजन से रोग-मुक्ति मिलती है। 6 साल की कन्या कालिका होती है. इनकी पूजा से विद्या और राजयोग की प्राप्ति होती है। 7 साल की कन्या को चंडिका माना जाता है. इनकी पूजा से ऐश्वर्य मिलता है। 8 साल की कन्या शांभवी होती है. इनकी पूजा से लोकप्रियता प्राप्त होती है। 9 साल की कन्या दुर्गा को दुर्गा कहा गया है. इनकी पूजा से शत्रु विजय और असाध्य कार्य सिद्ध होते हैं। 10 साल की कन्या सुभद्रा होती है। सुभद्रा के पूजन से मनोरथ पूर्ण होते हैं और सुख मिलता है। पूरे वर्ष में,चार नवरात्रि मनाई जाती है। यह नवरात्रि शारदीय होगी, जो आश्विन शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तिथि तक मनाई जा रही है। इस दौरान, भक्त मां दुर्गा और उनके नौ अवतारों - नवदुर्गाओं की पूजा करते हैं। यह त्यौहार नौ दिनों तक मनाया जाता है, इसलिए सही तिथियों और कलश स्थापना के सही मुहूर्त को जानना आवश्यक है। नवरात्रि के पहले दिन ही कलश स्थापना की जाती है। मान्यता है कि कलश स्थापना मुहूर्त में ही करनी चाहिए, क्योंकि नौ दिनों यह देवी के स्वरूप में आपके निवास स्थान में विराजमान रहता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि सैकड़ो वर्षों बाद नौ शुभ योग में नवरात्रा पर्व 15 - 23 अक्टूबर 2023 पर विशेष गज पर सवार होके आजा शेरांवांलिएं - शेरावांलिएं मां ज्योतावांलिएं।भारत में नवरात्रा उत्सव कष्टों से मुक्ति, सुख समृद्धि का प्रतीक - इस वर्ष नौ शुभ योग में नवरात्रा के कारण खरीदी निवेश फायदेमंद होंगे - धार्मिक विशेषज्ञों का अनुमान है।

एक नजर

खाद्य कारोबारकर्ताओं को समाचार पत्र या अन्य प्रिंटेड पेपर्स का इस्तेमाल नहीं करने के निर्देश

सुकमा, 14 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। । खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा खाद्य सामग्री विशेष कर तले हुए सामग्री को पैक करने, वितरण एवं भंडारण करने के लिए अखबारी समाचार पत्र या अन्य प्रिंटेड पेपर्स का इस्तेमाल नहीं करने के निर्देश खाद्य कारोबारकर्ता को दिये गए हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुकमा ने बताया कि समाचार पत्र दैनिक जीवन में सूचना प्रसारण का महत्वपूर्ण माध्यम है। न्यूनतम लागत होने के कारण खाद्य पदार्थों को लाने ले जाने के लिये आमतौर पर छपे हुए अखबारी पेपर / कागज़ का उपयोग किया जाता है। तले हुए खाद्य पदार्थ के अतिरिक्त तेल को सोखने के लिए, खाद्य पदार्थों को परोसने के लिए प्रिंटेड अखबार पेपर का उपयोग ज्यादातर होटलों एवं स्ट्रीट फूड ठेले गुमटियों के साथ-साथ आम घरों पर भी किया जाता है ।

नामांकन दाखिले की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर निर्धारित

सुकमा, 14 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। । विधानसभा निर्वाचन 2023 कार्यक्रम के तहत नामांकन दाखिला की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर शुक्रवार तक निर्धारित है। उक्त नियत अवधि के दौरान प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक कक्ष क्रमांक- 24 (भू-तल), संयुक्त जिला कार्यालय भवन, सुकमा में अभ्यर्थियों अथवा उनके अधिकृत अभिकर्ता से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया जायेगा। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 21 अक्टूबर को की जायेगी। वहीं 23 अक्टूबर को अभ्यर्थियों से नाम वापस लिया जा सकता है। इसके पश्चात निर्वाचन में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह आवंटित किया जायेगा। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 90 कोंटा के लिये 07 नवंबर को मतदान होगी और 03 दिसंबर को मतगणना होगी।

स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान के तहत् विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

सुकमा 14 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस.एस के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री डी एन कश्यप के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के अंतर्गत आगामी विधानसभा चुनाव में जिले के सभी वर्गो के मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने विभिन्न विभागों द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शासकीय शहीद बापुराव महाविद्यालय सुकमा में स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने भाषण, निबंध, रंगोली, पेंटिग आदि प्रतियोगिता में शामिल होकर शत प्रतिशत मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। साथ ही महाविद्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारी और छात्र छात्राओं ने मतदान करने हेतु शपथ ली। कॉलेज के प्राचार्य श्री सी एल पाटले, स्वीप नोडल प्रोफेसर महेश नगारची ने अपने उद्बोधन में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु मतदान का महत्व और आवश्यक जानकारी प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम श्री पी के दास, श्री ओ पी सोनी श्री आर के दुबे श्री सोनू राम श्री वी के किसान, श्री के के सलाम तथा महाविद्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारी सहित 200 छात्र छात्राओं ने मतदान करने हेतु जागरूक किया। इसके अलावा मिनी स्टेडियम, सुकमा मे स्थानीय स्तर पर चल रहे फुटबॉल स्पर्धा के दौरान युवाओं को आगामी विधानसभा चुनाव मे मतदान के लिए में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवाओं ने शत प्रतिशत मतदान करने एवम् स्वतंत्र और निष्पक्ष मताधिकार का उपयोग करने की शपथ ली।

आदर्श आचार संहिता, सीमा चाक चौबंद

कलेक्टर एवं एसपी ने किया कोंटा एवं दोरनापाल चेक पोस्टों का निरीक्षण

विधान सभा निर्वाचन 2023
S.S.T. KONTA
एस.एस.टी. कोन्टा
A.C. - 90 KONTA

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा 14 अक्टूबर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस.एस एवं पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने सीमा के चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अवैध पदार्थों, नगदी राशि, अवैध शराब, शस्त्र तथा अन्य संदेहास्पद वस्तुओं की आवाजाही पर निगरानी रखने एवं अवैध पदार्थों के परिवहन संबंधी शिकायतों पर सख्त कार्यवाही करने के और बिना किसी के दबाव में निष्पक्षता के साथ कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

साथ ही दुपहिया सहित अन्य वाहनों की गहन जाँच करने के निर्देश दिए।चेकपोस्ट के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि निर्वाचन की घोषणा के साथ ही स्थैतिक निगरानी दलों का कार्य प्रारंभ हो जाता है। उन्होंने निगरानी दलों को पूरी सतर्कता एवं तत्परता के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा निष्पक्ष निर्वाचन के लिए अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने के भी निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्ययों की निगरानी हेतु स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी) का गठन किया गया है। यह एसएसटी दल नाकों पर बाहर से आने जाने वाले लोगों पर कड़ी निगरानी रखती है और वहां से गुजरने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों की भी सघन जांच करती है। इन दलों द्वारा संदेहास्पद वस्तुओं की वीडियोग्राफी भी करायी जाती है।

निर्वाचन कार्यों को समय-सीमा में संपादित करें नोडल अधिकारी: कलेक्टर

सुकमा 14 अक्टूबर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस. एस ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों में संलग्न नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर निर्देशित किया कि सभी नोडल अधिकारी दी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत समय सीमा के भीतर सुनिश्चित करेंगे। समीक्षा बैठक में निर्वाचन कार्यों से जुड़े मानव संसाधन, प्रबंधन, प्रशिक्षण प्रबंधन, सामग्री प्रबंधन, स्वीप नोडल अधिकारी, ईव्हीएम मैनेजमेंट, एमसीसी नोडल अधिकारी, व्यय निगरानी, बैलेट पोस्टल पेपर, एमसीएमसी, परिवहन, नामांकन, मतदाता, शिकायत और मतदाता हेल्पलाइन सहित अन्य नोडल अधिकारी उपस्थित थे। सुकमा जिले में विधानसभा निर्वाचन के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस. एस ने निर्वाचन से संबंधित नोडल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सभी रिटर्निंग अधिकारियों को आवश्यक तैयारी के निर्देश देते हुए सेक्टर अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नाम-निर्देशन के लिए आवश्यक तैयारी करने के साथ ही निर्वाचन से संबंधित कार्यों को भी समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने वाहन व्यवस्था, वीडियोग्राफी फोटोग्राफी करने, मतदान केन्द्रों तक मतदान दलों को लाने ले जाने, डाक मत पत्र सेवा निर्वाचकों व मतदान कर्मियों को समय सीमा में प्रशिक्षण देने, निर्वाचन से संबंधित कार्य के लिए ड्यूटी लगाने, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का रेंडमाइजेशन करने, वीवीपैट के अभिलेखों का संधारण करने, मतदान दलों को प्रशिक्षण देने, मतदान सामग्री वितरण करने, प्रशिक्षण देने की जानकारी दी।

जिले में वाहनों की हो रही सघन चेकिंग

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 14 अक्टूबर । आगामी विधानसभा आमचुनाव को दृष्टिगत रखते जिले में नाकाबंदी पॉइंट लगाकर आने जाने वाली सभी गाड़ियों को चेक किया जा रहा है। नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासन एक्शन मोड में है। बॉर्डर से लेकर शहरी क्षेत्र में कई चेक पॉइंट बनाए गया है, जिसमें हर आने वाली खास तौप पर बाहरी जिलों की गाड़ियो की जांच बारीकी से की जा रही है। गाड़ियों को गठित टीम एफएसटी एवं एसएसटी द्वारा चेक कर रहे हैं इसके अलावा दस्तावेजो पर भी नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही असामाजिक तत्वों तथा अपराधियों पर निगरानी रखते हुए, किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर श्री हरिस. एस ने दिए है। साथ ही जिले के सभी थाना क्षेत्र में नाकाबंदी कर अवैध शराब, गांजा, जुआ सट्टा आदि गतिविधि पाए जाने पर अधिनियम अंतर्गत अधिक से अधिक जप्ती कर वैधानिक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए है। जिले से किसी भी प्रकार की कोई अवैध सामग्री का आवागमन ना कर सके इसके लिए गठित टीम द्वारा निरंतर गांड़ियों की सघन जांच किया जा रहा है।

चेकिंग के दौरान बार्डर में जप्त किया गांजा- थाना प्रभारी सुकमा श्री शशिकांत भारद्वाज ने बताया कि विधानसभा आमचुनाव को दृष्टिगत रखते हुए जिले में चल रहे सघन चेकिंग के दौरान छत्तीसगढ़-ओडिशा बार्डर , झापरा नाका के पास पुलिस ने 2.48 किलोग्राम में गांजा जप्त किया गया है। गांजा जप्त कर पुलिस द्वारा आवश्यक करवाही की गई। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव को लेकर जिले में आचार संहिता प्रभावशील है इसे लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा के चाक चौबंध व्यवस्था की हुई है। जिले की पासिंग वाहनों से लेकर बाहरी राज्य से आने वाली गाड़ियां जो कि जिले में प्रवेश करने के दौरान कई बार चेक हो रही है।

शेण्ड्री शॉप की नीलामी में भ्रष्टाचार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कुरूद 14 अक्टूबर। कुरूद मंडी द्वारा पुराना मंडी प्रागण में नवनिर्मित शेण्ड्री शॉप की नीलामी गत दिनो की गई जो गोपनीय तरीके से ईश्तहार जारी कर लाभ दिलाने का कार्य किया गया। ईश्तहार की प्रचार प्रसार एवं सार्वजनिक स्थलो तथा शासकीय कार्यालयों के सूचना पटल के सामने भी चस्पा नही किया गया है और प्रमुख समाचारों पर प्रकाशित निविदा नहीं निकाले जाने का आरोप लगाया जा रहा है। उक्त दुकानो की बोली लगाने नगर एवं आस पास ग्रामीण क्षेत्रो से केवल 39 व्यक्तियों की उपस्थितियों में बोली संपन्न कराकर औने पौने दामो में बोली करा दी गई। जो नगर एवं क्षेत्रो में चर्चा का विषय बना हुआ है। कृषि मंडी कुरुद में चंद दिनो से यह भ्रष्टाचार व अनियमितता व मंडी में आर्थिक राजस्व हानि का खेल जारी है। भाजपा कुरूद मंडल के प्रभारी कृष्ण कांत साहू ने उपरोक्त आरोप कुरूद मंडी पदाधिकारी पर लगाया है भाजपा कुरूद मंडल प्रभारी कृष्णकांत साहू एवं भाजपा के आईटी सेल प्रभारी कमलेश चंद्राकर ने मंडी अध्यक्ष नीलम चंद्राकर एवं मंडी कर्मचारियों के उपर आरोप लगाते हुये प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 29 सितम्बर को उक्त दुकानों की नीलामी में किसी भी प्रकार की पारदर्शिता नही बरती गई न ही विडियोग्राफी की गई। जिसके चलते उक्त बोली में केवल 39 लोग ही भाग लिये जिसमें आपसी तालमेल बनाकर कुछ ही लोग बोली लगाये और उनको ही दुकान आबंटित कर दी गई। उक्त निर्माणधीन शॉप को कम दामों में देकर राजस्व की हानि हुई है। देखा जाये तो नया बाजार में दुकानों की बाजार मूल्य लगभग 15 से 20 लाख रूपये है लेकिन 5 से 6 गुणा कम दामों में दुकान की बोली एवं नीलामी की गई है। आपस में ही बातचीत कर रिंग बनाकर बोली लगायी गई है।

बिना दबाव निष्पक्षता के साथ करें कार्रवाई : कलेक्टर

सुकमा,14 अक्टूबर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस.एस ने पुलिस अधीक्षक श्री किरण चव्हाण के साथ चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अवैध पदार्थों, नगदी राशि, अवैध शराब, शस्त्र तथा अन्य संदेहास्पद वस्तुओं की आवाजाही पर निगरानी रखने एवं अवैध पदार्थों के परिवहन संबंधी शिकायतों पर सख्त कार्यवाही करने के और बिना किसी के दबाव में निष्पक्षता के साथ कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही दुपहिया सहित अन्य वाहनों की गहन जाँच करने के निर्देश दिए। चेकपोस्ट के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि निर्वाचन की घोषणा के साथ ही स्थैतिक निगरानी दलों का कार्य प्रारंभ हो जाता है। उन्होंने निगरानी दलों को पूरी सतर्कता एवं तत्परता के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा निष्पक्ष निर्वाचन के लिए अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने के भी निर्देश दिए।

एनएमडीसी, बचेली में स्वच्छ भारत रन का आयोजन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बचेली 14 अक्टूबर। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की निरंतरता को बनाये रखते हुए एनएमडीसी के बचेली परियोजना में अक्टूबर माह में विभिन्न कार्यक्रमों व गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज दिनाँक 13.10.2023 को बचेली परियोजना द्वारा स्वच्छ भारत रन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रतिभागियों को टी-शर्ट वितरण किए गए। तत्पश्चात परियोजना प्रमुख श्री बी. वेंकटश्वरलु के नेतृत्व में इस रन की शुरुआत की गई। साथ में विभागाध्यक्षगण, यूनियन के पदाधिकारीगण, कर्मचारीगण व सीआईएसएफ के जवान सम्मिलित हुए। प्रतिभागियों ने परियोजना के सीआईएसएफ चेक पोस्ट से दौड़ शुरू कर, नगर परिक्रमा करते हुए बैला क्लब बचेली में इस रन का समापन किया। परियोजना प्रमुख ने कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता को निरंतर बनाये रखना आवश्यक है। इस रन का आयोजन स्वच्छता की सेवा के प्रति लोगों में जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया । स्वच्छता के अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार हेतु कार्यक्षेत्र में कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं व गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है जिसे अक्टुबर मास में बारी-बारी से परियोजना विभिन्न विभागों में आयोजन किया जा रहा है।

समाचार संक्षेप

पीडब्लूडी की लालफीताशाही से जनता रो रही है: दीपक चौहान

जगदलपुर 14 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। एन एच 30 और कांगेर धाटी की सकरी और सढी सडक से जनता की स्पाइनल खराब हो रही हैं जवाबदार अधिकारी नकारे हैं।जब केशकाल धाट में सडक चौडीकरण हो सकता है, और नागपुर से सागर सडक के बीच में प्रोटक्शन सीट लगाकर चौडीकरण कर एन.एच.सड्क बन सकती है तो। तीरथगढ के पास का 10 किलो मीटर पैच चौडीकरण हो कर क्यों नही बन सकता है।रहा वन्य प्राणी का तो रोड मे अंडर पास बनाया जा सकता है समझ नही आता है तो चार सरफिरे जनता की जरूरत है। जागो नागरीक देश के मालिक हो ,नौकर नही।भारत की जनता आजाद देश के नागरीक हो गुलाम नहीं हो । एन एच 30 की टायरिंग 40एम एम मोटाई की सरकार री टायरींग करा रही है जो शर्मनाक है तेलगाना में 105 एम एम की री टायररींग हो रह हो।यहां रास्ता ऐसा की ऊंठ की सवारी का एहशास कराये । केन्द्रीय मंत्री नितीन गडकरी चुनाव प्रचार में आए और जवाब दारों से वसुली को अंजाम दें।पी डब्लू डी स्टीमेट प्लान बनाकर फारेस्ट को दे तो फारेस्ट विभाग अनुमती क्यों नही देगा। बस कह देंने में क्या लगता है वन विभाग अनुमती नही देता है खुद का घर के सब काम हो जातें है। रोड जहां बाटर लागींन होती है।वहां कांक्रीट सडक ही रस्ता है जो सडक सफल होगी। स्टीमेंट में चेंन्ज तब तक नही होगा जब तक कोई नेता नही बोले।लेकिन लोग तो नौकरी कर रहें हैं माह पुरा हूआ तनखा मीली बस नीद में सो जाओ ओ दिन गये।नेताओं को तो हेलीकाप्टर मीलता है उनको तो रोड से क्या लेना देना है। जनता को तो गढढे और बीमारी नसीब मे लिखा है,जनता को मुझे जगाना पडे उससे पहले सभी जवाबदार अधिकारी जाग जाओ जिसमें भलाई है।

दोरनापाल चौक में एसएसटी टीम ने की कार्रवाई, 41 लीटर विदेशी मदिरा जब्त

सुकमा,14 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री हरिस .एस के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत अवैध शराब परिवहन, नगदी राशि एवं अन्य वस्तुओं पर जिले की अंतर्राज्यीय सीमा पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसी कड़ी में विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान अवैध शराब परिवहन, नगदी राशि एवं अन्य वस्तुओं पर निगरानी के लिए गठित एसएसटी दल द्वारा आज दोरनापाल चौक में पिकअप वाहन से 41 लीटर अवैध शराब जप्त किया गया। श्री अजय मरावी प्रभारी तहसीलदार दोरनापाल ने बताया कि एसएसटी दल द्वारा दोरनापाल में वाहनों की सघन जांच की जा रही है। चेकिंग के दौरान पिकअप में 41 लीटर अवैध विदेशी मदिरा जप्त किया गया। टीम द्वारा जप्त मदिरा को अग्रिम कार्रवाई के लिए थाना प्रभारी दोरनापाल को पेश किया गया।

जिला स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक सम्पन्न

सुकमा 14 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप श्री डीएन कश्यप की अध्यक्षता में जिला पंचायत में जिला स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक गई थी। आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए मतदान जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत विभिन्न गतिविधियों से मतदाताओं को जागरूक कर शत प्रतिशत मतदान करने एवं उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में उत्साह के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम 'स्वीप' चलाने की बात मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप श्री डीएन कश्यप आयोजित स्वीप कोर कमेटी की बैठक में कही। बैठक में मतदाताओं को चुनावी प्रक्रिया के बारे में शिक्षित और जागरूक करने के उद्देश्य से विस्तृत कार्य योजनाओं पर चर्चा कि गई। साथ ही महिलाओं, तृतीय लिंग, दिव्यांगजनों, वृद्धजनों, एवं विशेष कर 18 से अधिक उम्र के नवीन युवा मतदाता एवं नवीन मतदान केन्द्रों के क्षेत्रांतर्गत आने वाले मतदाताओं को केंद्र में रखते हुए कार्ययोजना के बेहतर क्रियान्वयन एवं पर्यवेक्षण के लिए निर्देशित किया गया। श्री कश्यप ने लक्षित समूहों पर आधारित ग्राम पंचायत स्तर, संकुल स्तर, विकासखण्ड स्तर एवं जिला स्तर पर स्वीप गतिविधियाँ आयोजित करने के संबंध में रोस्टर तैयार करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवेश पैकरा, उप संचालक समाज कल्याण एवं सहायक नोडल स्वीप श्री संजय पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश सांडिया सहित कोर कमेटी के सदस्यगण उपस्थित थे।

डड़सेना कलार समाज की प्रथम बैठक संपन्न

बैठक में सामाजिक समस्याओं के समाधान के अतिरिक्त कई मुद्दों पर चर्चा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

किरन्दुल 14 अक्टूबर। 7 अक्टूबर को डड़सेना कलार समाज का प्रथम बैठक एवं परिचय सम्मेलन जिला दंतेवाड़ा के तत्वाधान में बचेली एवं किरंदुल इकाई के सहयोग से संभागीय पदाधिकारीयों की उपस्थिति में सौहार्द पूर्ण एवं हर्षित वातावरण में संपन्न हुआ। उपरोक्त सम्मेलन में आदरणीय संभागीय अध्यक्ष माननीय पुरुषोत्तम गजेंद्र जी, संभागीय संरक्षक माननीय झाड़ू राम नेवेंद्र जी ,महामंत्री माननीय सोनी लाल जैन जी ,कोषाध्यक्ष माननीय देव कुमार जैन जी, एवं वरिष्ठ सामाजिक सदस्य माननीय जयसवाल जी ,बस्तर ब्लॉक अध्यक्ष माननीय सज्जन राम दीवान जी, कुआंकोडा (किरंदुल)ब्लॉक अध्यक्ष माननीय अनिल कुमार शार्दुल जी,दंतेवाड़ा ब्लॉक अध्यक्ष माननीय दिलीप कुमार सिंन्हा जी, गीदम ब्लॉक अध्यक्ष माननीय हस्तु राम दीवान जी ,उपस्थित रहे सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत सत्कार एवं तिलक लगाकर सम्मान किया गया ।इसके उपरांत सभी ने बारी-बारी से समाज के प्रति अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रस्तावित महुआ बोर्ड के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके उपरांत दंतेवाड़ा परिक्षेत्र में डड़सेना कलार समाज को उन्नत, समृद्ध एवं विकसित और प्रगति की राह पर अग्रेषित करने, सामाजिक रीति - रिवाज एवं परंपराओं के संबंध में, समाज को विस्तृत रूप से विकसित करने ,ब्लॉक जिला ,संभाग एवं राज्य स्तर से जोड़ने, सामाजिक समरसता को बनाए रखने एवं सामाजिक कार्यों को संपन्न करने ,भवन निर्माण और सामाजिक समस्याओं के समाधान के अतिरिक्त कई सामाजिक मुद्दों एवं विषयों पर विस्तृत चर्चा किया गया। उपरोक्त सम्मेलन में दंतेवाड़ा से श्री लुदु राम दीवान माई दंतेश्वरी सेवादार, श्री खिमन लाल सिन्हा, श्री दयाल राम सिन्हा, श्री एम एल सिन्हा, श्री सुनील जैन पुलिस विभाग बचेली से सुनील कुमार शार्दुल सीनियर लैब टेक्नोलॉजिस्ट, श्री शैलेंद्र कुमार सिन्हा,श्री भूपेंद्र कुमार कलिहारी ए जी एम इलेक्ट्रिकल एनएमडीसी ,श्री सुनील सिंन्हा ,श्री गिरीश सिन्हा किरंदुल से तीरथ राम सिन्हा उप अभियंता नगर पालिका ,श्री केपी सिंन्हा लेक्चरार डीएवी स्कूल, श्री लोमन सिंन्हा नगर पालिका ,श्री हरी राम सिन्हा पुलिस विभाग ,श्री खेमप्रसाद सिन्हा ,श्री रमेश कुमार साहसी एनएमडीसी ,श्री लाकेश सिन्हा ,श्री दयाल राम सिन्हा श्रीमती प्रियंका दीवान ,श्रीमती लक्ष्मी शार्दुल ,श्रीमती शतरूपा दीवान ,कुसुम लता सिन्हा ,सोना सिन्हा श्रीमती कामायनी कलिहारी श्रीमती भगत दही दीवान , श्रीमति रेणुका दीवान आदि सभी स्वजाती बंधु उपस्थित रहे।

एक नजर

सहायक व्यय प्रेक्षक एवं व्यय अनुवीक्षण समिति का प्रशिक्षण

महासमुंद, 14 अक्टूबर। विधानसभा निर्वाचन 2023 के परिप्रेक्ष्य में जिले के चारों विधानसभाओं के लिए नियुक्त सहायक व्यय प्रेक्षक एवं व्यय अनुवीक्षण समिति का प्रशिक्षण आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुआ। प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने कहा कि व्यय लेखा समिति का कार्य बहुत ही सावधानी से करना है। विभिन्न माध्यमों से जो भी सूचनाएं आप तक पहुंचेगी उनका समय पर विधिवत लेखांकन करना होगा। इस प्रशिक्षण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एस आलोक, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू ने भी सभी टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरी गोस्वामी पावर पाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि सहायक व्यय प्रेक्षक भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किए गए व्यय प्रेक्षक के निर्देशन में कार्य करता है। वहीं लेखा टीम द्वारा विभिन्न माध्यमों जैसे वीडियो निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, एसएसटी, एफएसटी, एमसीएमसी आदि के द्वारा प्राप्त सूचनाओं के आधार पर प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए रखे गए छाया प्रेक्षण रजिस्टर में व्ययों का लेखा किया जाएगा। नामांकन तिथि से मतदान दिवस तक कम से कम दो बार प्रत्येक अभ्यर्थियों को अपने व्यय रजिस्टर की जांच बिल वाउचर सहित लेखा टीम से कराना होगा तथा परिणाम घोषणा के 30 दिवस के अंदर सार संलग्नक के साथ अंतिम जांच के लिए उपस्थित होना होगा। छाया प्रेक्षण रजिस्टर में उम्मीदवारों द्वारा किए गए जनसभा, रैली, विज्ञापन, पोस्टर, बैनर, वाहन आदि के समस्त व्ययों को लिखा जाएगा। वीडियो निगरानी टीम द्वारा अभ्यर्थियों के द्वारा आयोजित सभा रैली आदि का वीडियो बनाया जाएगा। जिसे वीडियो अवलोकन टीम द्वारा सूक्ष्मता से जांच कर लेखा समिति के पास क्यू सीट भरकर जमा किया जाएगा।

वरिष्ठ कांग्रेसियों से मुलाकात के साथ गमछा पहनाकर कर रहे सम्मान

महासमुंद, 14 अक्टूबर। नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर विधानसभा अंतर्गत आने वाले गांवों में पहुंचकर वरिष्ठ कांग्रेसियों का गमछा पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान उन्होनें वरिष्ठ कांग्रेसी ग्राम सिंघुपाली प्रीतम यादव, अर्जुन बरिहा, बुधुराम बरिहा, ग्राम जामपाली दुलार सिंह ध्रुव, मुखियार सिंह ध्रुव, रामलाल पटेल, ग्राम रामपुर मनबोध ध्रुव सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेसी शामिल थे। सम्मान कार्यक्रम के दौरान सोसाइटी अध्यक्ष लंकेश्वर साहू (लेड़गा राम), जिला पंचायत सभापति अमर चंद्रकर, राजा कोसा, राजेंद्र कौशिक, राज तन्मय चंद्राकर, सरपंच कुलेश पटेल, डमरू धर यादव, सियाराम बरिहा, चरण यादव, राजू सेन उपस्थित रहे।

अपेक्स बैंक की भर्ती परीक्षा आगामी आदेश तक स्थगित

महासमुंद। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा प्रबंध संचालक, छग राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर भर्ती परीक्षा का आयोजन 15 अक्टूबर को दो पालियों में किया जाना था।

राज्य में आदर्श आचार संहिता घोषित होने के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा इस परीक्षा के आयोजन के लिए निर्वाचन आयोग से कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के माध्यम से अनुमति मांगी गई है। अनुमति प्राप्त होने की स्थिति में व्यापम द्वारा परीक्षा आयोजन की तिथि फिर से घोषित की जाएगी।

मंत्री उमेश पटेल के मार्गदर्शन में कांग्रेस नेता मुकेश पटेल ने क्षेत्रवासियों को दी एम्बुलेंस की सौगात

पदयात्रा कार्यक्रम में दर्रामुड़ा पहुंचे पटेल, ग्रामीणों ने किया स्वागत

उमेश पटेल ने फीता काट एम्बुलेंस को किया रवाना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

खरसिया, 14 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री एवं खरसिया विधायक उमेश पटेल आगामी 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में पदयात्रा कर रहें हैं और ग्रामीण अंचल के लोगों से भेंट-मुलाकात कर रहें हैं। इसी कड़ी में मंत्री उमेश पटेल पदयात्रा कार्यक्रम के दौरान 12 अक्टूबर 2023 गुरूवार को ग्राम दर्रामुड़ा पहुंचे, जहां सैकड़ो ग्रामीणों समिति कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने ने मंत्री उमेश पटेल का भव्य स्वागत किया। मंत्री पटेल के पदयात्रा कार्यक्रम में दर्रामुड़ा के अलावा आसपास के गांवों से आए कांग्रेस के कार्यकर्ता भी भारी संख्या शामिल हुए।

मंत्री उमेश पटेल के दर्रामुड़ा पहुंचने पर भारी संख्या में उपस्थित कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बाजार चौक और गौतम चौक में उनका भव्य स्वागत अभिनन्दन किया। स्वागत कार्यक्रम के पश्चात् मंत्री उमेश पटेल ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ गांव में पदयात्रा शुरू किया। इस दौरान गांव के लोगों ने अपने घरों के सामने खड़े होकर मंत्री पटेल का पुष्प गुच्छ भेंटकर तथा माला पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया। तत्पश्चात् बीच बस्ती और नीचे बस्ती राधा कृष्ण मंदिर के सामने मंत्री पटेल ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित भी किया। इस मौके पर कांग्रेस के कार्यकर्ता, गांव के ग्रामीणजन भारी संख्या में उपस्थित थे। तत्पश्चात् आगे मंत्री उमेश पटेल ग्राम मांझीडीपा, बिंजकोट, झिटीपाली, जबलपुर, कोहारडीपा और भगोराडीह में भी पदयात्रा किया।

पदयात्रा कार्यक्रम के दौरान ग्राम दर्रामुड़ा में मंत्री उमेश पटेल ने कांग्रेस नेता मुकेश पटेल की माता स्व. जमुना बाई पटेल के नाम से एक एंबुलेंस को फीता काटकर रवाना किया। बता दें की मुकेश पटेल खरसिया क्षेत्र के उभरते युवा कांग्रेस नेताओं में से एक और मंत्री उमेश पटेल के सबसे खास एवं करीबी माने जाते हैं। मुकेश पटेल ने बताया की मंत्री पटेल के मार्गदर्शन से ही क्षेत्रवासियों को इस एम्बुलेंस की बड़ी सौगात दी गई है, जो क्षेत्रवासियों के लिए वरदान साबित होगा।

इनकी रही उपस्थिति

कांग्रेस नेता मुकेश पटेल, परदेशी पटेल, गिरिश राठिया, लवकुश पटेल, हिन्दू पटेल, सोनू पटेल, कृष्णचंद पटेल, मुरलीधर राठिया, टेकलाल पटेल, रेशम पटेल, लेखराम पटेल, देवानंद पटेल, देवप्रसाद पटेल, खेमेश्वर पटेल, हितेश्वर पटेल, पीलादास वैष्णव, मुरलीधर पटेल, हरीश पटेल, नरेंद्र पटेल, विजय पटेल, हितेश पटेल, महेश्वर पटेल, विनोद पटेल, नीलकुमार पटेल, टेकलाल यादव, सुमित वैष्णव, सुरेश निषाद, जनकराम निषाद, कृष्णा पटेल, जितेन्द्र पटेल, दुष्यंत पटेल, अमेश पटेल, अर्जुन पटेल, ननकी मुन्ना पटेल, परमेश्वर निषाद, चंद्रकुमार पटेल, पुष्पेंद्र पटेल, सुरज निषाद, कार्तिक राम पटेल, सोमनाथ पटेल, पीताम्बर पटेल, उमेश राठिया, पुरूषोत्तम पटेल, पंकज पटेल, सोमेश पटेल, कार्तिक राम पटेल, राजू पटेल, दिनेश पटेल, रामधार पटेल, रोहित पटेल, अजय पटेल, ठंडाराम पटेल, तेजप्रकश पटेल, अशोक पटेल, अजय निषाद, पंकज पटेल, भुषण निषाद, दयाराम पटेल, यशवंत पटेल, नितेश पटेल, पुलकित पटेल, मानस पटेल, गजानंद पटेल, चीतराम पटेल, झनकराम निषाद सहित आसपास से आए भारी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

आबकारी दल ने जब्त किए अवैध शराब, आरोपियों पर कार्रवाई

महासमुंद। गुरुवार 12 अक्टूबर को आबकारी विभाग ज़िला महासमुंद के वृत्त पिथौरा में अवैध शराब के विरुद्ध तीन आरोपियों पर कार्रवाई की गई। कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशन एवं प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी मोहित जायसवाल के मार्गदर्शन में हुई इस कार्रवाई में आबकारी दल द्वारा जांच के दौरान आरोपी मुकेश सोनी ग्राम भिकापाली, थाना-तेंदुकोना से 41 नग प्लेन पाव शराब कुल मात्रा 7.38 बल्क लीटर, डागेश्वर सोनी से 43 नग प्लेन कुल मात्रा 7.780 बल्क लीटर एवं एक अज्ञात आरोपी ग्राम घोंच से 520 नग पाव देशी प्लेन शराब मात्रा 93.600 लीटर व 48 नग जम्मू स्पेशल व्हिस्की मात्रा 8.640 लीटर कुल मात्रा 117.400 बल्क लीटर शराब बरामद किया गया। आरोपियों पर आबकारी अधिनियम धारा (34(2), 59 (क) के तहत कार्रवाई की गई। प्रकरण में सहायक ज़िला आबकारी अधिकारी सविता मेश्राम, आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश वर्मा एवं आबकारी मुख्य आरक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

नवरात्रि के दौरान पंडाल से चुनावी प्रचार-प्रसार नहीं होगा

महासमुंद। जिला प्रशासन द्वारा आगामी नवरात्रि त्यौहार के संबंध में समस्त डीजे संचालक, धुमाल संचालक, गरबा आयोजक एवं दुर्गा माता पंडाल की स्थापना करने वाली समितियों एवं आम जनता से अपील की गई है कि विधानसभा चुनाव 2023 के लिए वर्तमान में लागू आचार संहिता को देखते हुए आगामी नवरात्रि त्यौहार के दौरान पंडाल में किसी प्रकार का चुनावी प्रचार प्रसार नहीं किया जाए। अनाधिकृत एवं असामाजिक तत्वों से बचाव हेतु यथासंभव पंडाल में कैमरा लगाने का सुझाव आयोजन समितियों को दिया गया है।पंडाल का निर्माण सार्वजनिक स्थल, रोड को घेरकर नहीं किया जाएगा। ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग धीमे स्वर में प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक किया जाए, रात 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करते पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।इसी तरह सार्वजनिक स्थल में तेज आवाज में डीजे एवं धुमाल जैसे ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग न किया जाए। उपयोग करते पाये जाने पर जप्ती एवं राजसात किये जाने की कार्रवाई की जाएगी। रास गरबा एवं डांडिया जैसे आयोजनों में पास के माध्यम से केवल परिवार के साथ जाने वाले को ही एंट्री दिया जाये, जिससे किसी प्रकार के विवाद जैसी स्थिति निर्मित न हो। आयोजन स्थल में पर्याप्त वालेंटियर की व्यवस्था किया जाए। रास गरबा एवं डांडिया जैसे आयोजनों तथा दुर्गा माता के पंडालों में केवल धार्मिक गानों को चलाये जाने का सुझाव आयोजकों एवं समितियों को दिया है। आयोजक, आयोजन स्थलों में छोटे-छोटे अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था रखें एवं दर्शनार्थियों व आगंतुकों हेतु पार्किंग व यातायात प्रबंधन हेतु पर्याप्त वालेंटियर की व्यवस्था की जाए। नवरात्रि त्यौहार के दौरान साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा असामाजिक तत्वों अथवा अस्त्र शस्त्र का प्रयोग करने वाले व्यक्तियों की जानकारी संबंधित थानों में दिये जाने, जिले में प्रभावशील आदर्श आचार संहिता का पालन किये।

दंतैल हाथी की आमद से किसानों की बढ़ी चिंता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



राजिम/पांडुका, 14 अक्टूबर। वन परिक्षेत्र पांडुका के जंगल में इन दोनों फिर एक बार दंतेल हाथी का आगमन होने वाला है यह हाथी जिसका नाम बताया जा रहा है जो काफी आक्रामक और खतरनाक है और कई लोगों को मौत के घाट उतार चुका है वर्तमान समय में वह फिंगेश्वर रेंज के जोगी डिपा, गनियारी जंगल के आसपास बताई जा रहा है जो आज रात्रि शायद पांडुका परिक्षेत्र के फूलझर ,मुरमुरा के झरझरा मंदिर की तरफ आ सकता है। और चिंता की बात यह है कि वन विभाग के दामाद बने गुजराती भेड़ बकरी वाले इन दिनों वन परिक्षेत्र पांडुका के घने जंगलों में घुम घूमकर जंगल को बरबाद कर अवैध चराई करा रहे है जो हर साल की तरह हजारों पशुओं के साथ डेरा डाले हुए हैं और कुछ दिन पहले इन्हें झरझरा मंदिर के आसपास होना बताया जा रहा था जो लगभग 25 तंबू लगा के रह रहे थे बता दे की यह मंदिर वाला रास्ता हाथीयो का आम रास्ता है कुछ सालो से हाथी इसी रास्ते से आना-जाना करते हैं ऐसे में वन विभाग या वन परिक्षेत्र कार्यालय पांडुका के अधिकारी कर्मचारी अपने इस गुजराती दामाद को सूचना दिए हैं कि नहीं दिए हैं अगर हाथी पहुंच जाता है तो वह बहुत ज्यादा नुकसान करेगा अवैध रूप से चराई कर रहे हैं और जंगल में तंबू गाड़ कर हजारों की संख्या में भेड़, बकरी, ऊंट घोड़े लेकर बैठे हुए हैं और इनके साथ महिलाए और बच्चे भी शामिल है अगर गांव होता तो कही भी पनाह ले लेते पर जंगल में खतरनाक हाथी से बचना संभव नही है अगर कोई अप्रिय घटना हो जाती है तो इस घटना की जिम्मेदारी किसकी होगी वन विभाग की या इन गुजराती भेड़ बकरी वाले की,,और भगवान ना करे कल बीच कुछ घटना घटित हो गई तो वन विभाग कितने को मुआवजा बाटेगी क्योंकी ये लोग यहां के मूल निवासी भी नही है तो फिर ऐसे में वन विभाग मुआवजा बांटते बांटते थक जायेंगे इन लोगों को हर साल अवैध चराई के खुली छूट देते है जो पूरे वन मंडल गरियाबंद के विभिन्न परिक्षेत्र में घूम घूम कर जंगलों का सत्यानाश कर रहे हैं और जंगल में पनप रहे छोटे छोटे पौधे को पेड़ बनने से पहले ही इनके भेड़ बकरी चट कर जाते है हालांकि ये दंतेल हाथी रात को कही भी जा सकता है ये क्लियर नहीं है पर अभी तक देखा गया है कि यह रूट हाथियों का आम रास्ता की तरह है अभी तक जब भी हाथी आये गये तो अधिकतर इन्ही रास्तों से बता दे की यह दंतेल हाथी की आज रात को पांडुका परिक्षेत्र पहुंचने की संभावना जता रहे है ।और वन विभाग द्वारा लोगो को अलर्ट जारी कर रहे है पर हमेशा की तरह मुरमुरा जंगल के झरझरा मंदिर के पास से आते जाते ये हाथी जो तौरेंगा कुम्हरमरा ,सांकरा होते हुए विजयनगर ,नागझर, बोडरा बांधा, पोंड होते हुए कुगदा पैरी नदी की ओर होते हुए धमतरी।जिला चला जाता है जहां इसका बाकी साथी विचरण कर रहे हैं इस बीच किसानो की खेतो की दुर्दशा बिगाड़ दिया जाता है पूरी तरह पक कर तैयार धान की फसल लहलहा रहे हैं और ये हाथी आ धमके तो किसानो की चिंता स्वाभाविक है क्योंकि ये फसल को खाते कम है और रौंदते जायदा है।

समाचार संक्षेप

रैली, सभा, वाहन, सभास्थल एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग हेतु एनओसी प्रदाय करने प्रभारी-नोडल अधिकारी नियुक्त

बीजापुर, 14 अक्टूबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। रैली, आमसभा, सभास्थल, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग एवं वाहन के उपयोग के लिए राजनैतिक दलों / अभ्यर्थियों को सुविधा एप्लिकेशन के माध्यम से अनुमति हेतु एनओसी प्रमाण पत्र जारी करने के लिए नोडल अधिकारी/प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिसके तहत सम्पूर्ण बीजापुर जिला के लिए वन क्षेत्र एवं परिसर में अनुमति वनमण्डलाधिकारी बीजापुर, सम्पूर्ण बीजापुर जिला हेतु पुलिस सुरक्षा एवं हेलीपेड में अनुमति के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीजापुर को बनाया गया है। इसी तरह अनुभाग स्तर पर सम्पूर्ण अनुमति अनुविभागीय अधिकारी राजस्व होंगे। स्कूल परिसर एवं मैदान में सभा के लिए जिला शिक्षा अधिकारी, शासकीय भवनों के लिए अनुमति एसडीओ पीडब्ल्यूडी, राष्ट्रीय राजमार्ग हेतु एसडीओ (एनएच) एवं समस्त नगरीय क्षेत्र में अनुमति हेतु संबंधित मुख्य नगर पालिका/नगर पंचायत अधिकारी होंगे।

15 अक्टूबर को होगा मतदान दल अधिकारियों के प्रथम चरण का प्रशिक्षण

बीजापुर, 14 अक्टूबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत 14 एवं 15 अक्टूबर को मतदान दलों के अधिकारियों का प्रथम चरण प्रशिक्षण प्रारंभ होगी। जिसके अंतर्गत मतदान दल के समस्त अधिकारी शामिल होंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत मतदान दलों का प्रथम चरण प्रशिक्षण में 14 अक्टूबर को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भोपालपट्टनम एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय उसूर मे सुबह 10.30 बजे से प्रारंभ होगा ।इसी तरह 15 अक्टूबर को स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय बीजापुर एवं स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय भैरमगढ़ मे सुबह 10.30 बजे से प्रशिक्षण शुरू होगा।

निर्वाचन कार्य निर्बाध रूप से संचालित करने हेतु पेट्रोल पंप संचालकों को पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल-डीजल रखने के निर्देश

बीजापुर, 14 अक्टूबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ मोटर स्पिरिट तथा हाईस्पीड डीजल ऑयल अनुज्ञापन तथा नियंत्रण आदेश 1980 के प्रावधानों के तहत निर्वाचन कार्य निर्बाध रूप से संपन्न कराये जाने हेतु पेट्रोल पंप संचालकों के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार कटारा द्वारा आदेश पारित किया गया है जिसमें पेट्रोल एवं डीजल का आरक्षित स्कंध मृत स्कंध को छोड़कर पर्याप्त स्टॉक रखने हेतु आदेशित किया गया है। जिसके तहत मेसर्स पामभोई ऑटोमोबाईल्स से पेट्रोल 4 हजार लीटर एवं डीजल 10 हजार लीटर मेसर्स इन्द्रावती पुलिस कल्याण पेट्रोल पम्प बीजापुर से पेट्रोल 4 हजार लीटर एवं डीजल 10 हजार लीटर मेसर्स जीवीआर एचपी पेट्रोल पम्प बीजापुर से पेट्रोल 4 हजार लीटर एवं डीजल 10 हजार लीटर मेसर्स जीवीआर बीपीसीएल पेट्रोल पम्प कोतापाल से से पेट्रोल 4 हजार लीटर एवं डीजल 10 हजार लीटर मेसर्स जेएमवी प्यूल्स पेट्रोल पम्प नैमेड़ से पेट्रोल 2 हजार लीटर एवं डीजल 8 हजार लीटर मेसर्स तालपेरू पुलिस कल्याण पेट्रोल पम्प आवापल्ली से पेट्रोल 2 हजार लीटर एवं डीजल 8 हजार लीटर एवं मेसर्स चिंतावागु पुलिस कल्याण पेट्राल पम्प भोपालपटनम से पेट्रोल 2 हजार लीटर एवं डीजल 8 हजार लीटर स्टॉक रखने हेतु आदेशित किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील है।

नाम निर्देशन प्राप्ति, संवीक्षा के लिए निर्वाचन सूचना जारी

बीजापुर, 14 अक्टूबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ विधानसभा से 89 बीजापुर (अजजा) विधानसभा क्षेत्र के सदस्य का निर्वाचन होना है। नामनिर्देशन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर को या श्री दुकालू राम ध्रुव तहसीलदार बीजापुर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को अभ्यर्थी या (उसके किसी प्रस्थापक द्वारा) 20 अक्टूबर 2023 दिन शुक्रवार से अपश्चात (लोक अवकाश दिन से भिन्न) किसी दिन 11 बजे पूर्वान्ह और 3 बजे अपरान्ह के बीच कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जिला बीजापुर के न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी कक्ष क्र. क्र3 में परिदत्त किये जा सकेंगे। नामनिर्देशन पत्र के प्रारूप पुर्वोक्त स्थान और समय पर अभिप्राप्त किये जा सकेंगे। नामनिर्देशन पत्र संवीक्षा के लिए कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बीजापुर के सभा कक्ष 1 कक्ष क्र.-4 में 21 अक्टूबर 2023 दिन शनिवार प्रातः 11 बजे लिये जाएंगे। अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना या तो अभ्यर्थी द्वारा या उसके किसी प्रस्थापक द्वारा या उसके निर्वाचन अभ्यर्थी द्वारा जो अभ्यर्थी द्वारा उसे परिदत्त करने के लिये लिखित में प्राधिकृत किया गया हो रिटर्निंग ऑफिसर को उसके कार्यालय में 23 अक्टूबर 2023 दिन सोमवार को 3 बजे अपरान्ह के पूर्व परिदत्त की जा सकेंगी।

निर्वाचन कार्य हेतु कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की लगाई गई ड्यूटी

कांकेर 14 अक्टूबर । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा जिले के अंतागढ़, भानुप्रतापपुर एवं कांकेर विधानसभा क्षेत्र में निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण निर्वाचन कार्य सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न स्थानों में कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की 23 अक्टूबर तक मजिस्ट्रियल ड्यूटी लगाई गई

भाजपा प्रत्याशी गीता घासी साहू का खुज्जी में धुआंधार जनसम्पर्क

राजनांदगांव। अंबागढ़ चौकी भाजपा मंडल के अंतर्गत ग्राम राजाटोला, रैनूटोला, जंतरगुंडरा, सिंघाभेड़ी, आमाटोला, होंडीटोला,मांगाटोला, बिटाल में खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक प्रत्याशी श्रीमती गीता घासी साहू ने लोगों की समस्याओं को सुना और लोगो से हाथ जोड़कर, चरण छूकर आशीर्वाद मांगा । उन्होंने कहा कि ये वक्त है बदलाव का है। सात नवंबर को कमल छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाने का आग्रह किया।

ग्राम रैनूटोला मे जन सम्पर्क के दौरन भाजपा प्रत्याशी गीता घासी साहू को 0महिलाओ ने बताया कि उनके गांव में मिलने वाली राशन मे कटौती की जा रही है। जिससे महिलाओ ने आक्रोश जताई और निराकरण करने की मांग रखी।

मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी ने कहा कि 15 वर्षो से खुज्जी विधानसभा में विकास कार्य रुक गया है इस बार भाजपा प्रत्याशी गीता घासी साहू को जीताकर खुज्जी मे विकास कार्यो का परचम लहराए। उन्होंने आगे कहा कि देश का यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का नाम रोशन किया,केंद्र सरकार की उपलब्धियों को लोगो को बताई।मंडल महामंत्री भारत भूषण ठाकुर ने कहा कि गरीबो के छत छीनने वाली सरकार को इस बार हम सभी को मिलजुल कर बदलना है। केंद्र की मोदी सरकार ने हर वर्ग को ध्यान मे रखकर काम करती है। इस दौरान अंबागढ़ चौकी मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी,कमलेश सारस्वत जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा,संगीता मिश्रा, भारत भूषण ठाकुर ,मदन साहू ,गणपत पटेल ,देव कुंभकार,ईश्वर साहू, सुधराम,डीरेन्द्र कुमार, ईश्वरी धुर्वे, पुनिया बाई, दसोदा भाई कोमरे, रेखा बाई, कुमारी बाई, दुर्गाबाई, कृतिका बाई, जगदीश चंद्रवंशी ,सुखराम निषाद, भीखम लाल साहू, आनंद राम, कीर्तन साहू, कृष्णा, समारु राम ,रामचन्द्र साहू, राजेंद्र साहू हेमलाल ,जगदीश राम ,रोहिणी बाई, लक्ष्मी बाई ,शिवबती, बिसाहीन बाई सहित भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

नुक्कड़ नाटक के जरिये मजदूर वर्ग को बताया गया मतदान का महत्व

धमतरी 14 अक्टूबर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋृतुराज रघुवंशी के निर्देश और मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज धमतरी जिले के ह्दय स्थल पर स्थित घड़ी चौक में आज मजदूरों के बीच नेहरू युवा केन्द्र के कलाकरों द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन कर मतदान का महत्व बताते हुए अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर श्रमपदाधिकारी श्री डीएन पात्र, सहायक संचालक शिक्षा विभाग श्री लक्ष्मण राव मगर, सहायक संचालक लाइवलीहुड कॉलेज श्री शैलेन्द्र गुप्ता सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। बता दें कि कलेक्टर श्री रघुवंशी के निर्देशानुसार जिले के कम मतदान वाले मतदान केन्द्रों में सतत् मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किये जा रहे है, जिनमें स्वीप दीपदान, महिला स्कूटी रैली, रैली, फ्लैश मॉब, रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला, निबंध आदि शामिल है। नुक्कड़ नाटक में नेहरू युवा केन्द्र के कलाकारों ने जिले में आगामी 17 नवम्बर को होने वाले मतदान में बढ़चढ़ कर अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए शत-प्रतिशत वोट करने का आग्रह किया। इस दौरान इन मजदूर मतदाताओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की शपथ दिलाई, जिसमें सभी ने निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए।

एक नजर

आपदा पीड़ित 13 परिवारों को 52 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

बलौदाबाजार, 14 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्राकृतिक आपदा से मृत 13 लोगों के निकट परिजनों के लिए 52 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर चंदन कुमार ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 3 अक्टूबर एवं 4 अक्टूबर 2023 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राहियों में सोनमति बांगड़े यादव पति स्व. राजेश बांगड़े यादव, निवासी ग्राम पंडित दिनदयाल शांति नगर भाटापारा, तहसील भाटापारा, ललिता ध्रुव पति स्व. चोलाराम ध्रुव निवासी ग्राम खपरी एस, तहसील भाटापारा, दाउलाल यादव पिता भागीरथी यादव, निवासी ग्राम पौंसरी, तहसील भाटापारा, जगतू यादव पिता स्व. तीरथ यादव, निवासी दाउकृष्ण कुमार वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा, पुन्नी बाई चक्रधारी पति स्व. रामप्रसाद चक्रधारी निवासी ग्राम करहीबाजार, तहसील भाटापारा, रेखा ध्रुव पति स्व. दिलेश्वर ध्रुव निवासी ग्राम भरूवाडीह तहसील बलौदाबाजार, मधु पिता राजा उर्फ बिज्जू देवार निवासी ग्राम बलौदाबाजार, तहसील बलौदाबाजार, बुधियारिन बाई पति स्व. परसराम निवासी ग्राम रोहांसी, तहसील पलारी, अश्वनी कुमार पिता नैनदास, निवासी ग्राम बोईरडीह, तहसील पलारी, अर्जुन पिता सुखीराम निवासी ग्राम रोहांसी, तहसील पलारी, घुरवा रात्रे पिता विश्राम रात्रे निवासी ग्राम गिधपुरी, तहसील पलारी, धमेन्द्र ध्रुव पिता स्व. मनीराम ध्रुव, निवासी ग्राम ओड़ान, तहसील पलारी एवं टीकाराम पिता छोटूराम यादव, निवासी ग्राम जुनवानी, तहसील पलारी शामिल हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के आग में जलने, आंधी तुफान में दिवाल गिरने, कुंआ, तालाब, नहर, नाला, नदी के पानी मे डूबने से मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

नाश्ता, वाहन सहित टेंट-पंडाल का खर्च भी जुड़ेगा अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में

बलौदाबाजार, 14 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 में स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्वाचन सम्पन्न कराने के मद्देनजर कलेक्टर चंदन कुमार के मार्गदर्शन में विभिन्न समितियों एवं इकाइयों के सदस्यों के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में निर्वाचन व्यय मॉनिटरिंग एवं लेखांकन दल के सदस्यों को प्रशिक्षण दी गई। प्रशिक्षण में राजनैतिक दल एवं अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन के दौरान किये गए व्यय का विभिन्न पंजियों में प्रविष्टि तथा संबंधित दस्तावेजों के संधारण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि निर्वाचन के दौरान राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों के द्वारा उपयोग में लाये जाने वाले विभिन्न सामग्रियों के दर निर्धारित किये गए हैं जिसमे प्रति प्लेट नाश्ता से लेकर विभिन्न प्रकार के वाहनों के किराए का दर, टेंट- पंडाल, कुर्सी, टेबल साउंड सिस्टम पंखा, कूलर आदि शामिल है। निर्वाचन के दौरान अभ्यर्थी द्वारा जो भी सामग्री किराए पर अथवा खरीदी पर लिए जाएंगे उनकी राशि अभ्यर्थी के व्यय में शामिल होगा। अभ्यर्थी को नामांकन फार्म भरते समय निर्वाचन व्यय की राशि भुगतान हेतु अलग से बैंक खाता की जानकारी देना होगा। इसके साथ ही निर्वाचन के दौरान किये गए प्रतिदिन खर्च के हिसाब के लिए एक व्यय रजिस्टर भी संधारित करना होगा। प्रत्येक विधानसभा के लिए एक व्यय लेखांकन दल गठित की गई है जो सम्बंधित विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय का लेखा जोखा रखेंगे। अभ्यर्थी द्वारा विज्ञापन एवं पेड़ न्यूज पर किये गए व्यय के सम्बंध में एमसीएमसी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर निर्वाचन व्यय की प्रविष्टि व्यय लेखांकन दल द्वारा की जाएगी।

रिटर्निंग एवं नोडल अधिकारियों ने दी चुनाव कार्य संबंधी तैयारियों की विस्तृत जानकारी

निर्वाचन संबंधी सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए: कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बालोद, 14 अक्टूबर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शर्मा ने जिला के सभी रिटर्निंग अधिकारियों एवं नोडल अधिकारियों को निर्वाचन कार्य से जुडे सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। जिससे कि बालोद जिले में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 का कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सके। कलेक्टर शर्मा आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित विधानसभा आम निर्वाचन के अंतर्गत चुनाव कार्य संबंधी पीपीटी प्रस्तुतीकरण एवं समीक्षा बैठक में उक्ताशय के निर्देश दिये हैं। इस दौरान उन्होने बारी-बारी से जिले में विधानसभा आम निर्वाचन से जुड़े तैयारियों की विस्त समीक्षा की। बैठक में पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ रेणुका श्रीवास्तव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक, अपर कलेक्टर शशांक पाण्डेय सहित रिटर्निंग अधिकारियों एवं नोडल अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर शर्मा ने विधानसभावार मतदान दलों को मतदान केन्द्रों तक सुरक्षित पंहुचाने एवं सुरक्षित वापसी हेतु बनाए गए रूट चार्ट, मतदान केन्द्रों में जरूरी व्यवस्थाएं, संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों की संख्या, विधानसभावार 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग की व्यवस्था, आदर्श एवं संगवारी मतदान केन्द्रों की संख्या एवं उसमें जरूरी व्यवस्था, प्रशिक्षण की समुचित व्यवस्था आदि के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी ली। इसके अलावा उन्होने निर्वाचन व्यय संबंधी मानिटरिंग हेतु एसएसटी एवं एफएसटी के गठन एवं उनका समुचित प्रशिक्षण, शिकायत शाखा का गठन एवं उसके कार्य, रिटनिंग अधिकारियों के राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक, प्रेक्षकों के लिये लाईजिनिंग अधिकारियों की नियुक्ति एवं उनके लिये जरूरी व्यवस्थाओं आदि के संबंध में जानकारी ली। बैठक में शर्मा ने स्ट्रांग रूम की व्यवस्था, बार्डर चेक पोस्ट की स्थापना एवं कार्य आदि के संबंध में जानकारी ली।

बैठक में शर्मा ने मतदाता जागरूकता अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिले में शतप्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु नियमित रूप से मतदाता जागरूकता अभियान कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों में दीवाल लेखन कार्य आदि कराने के भी निर्देश दिए। निर्वाचन कार्य हेतु वाहन व्यवस्था के संबंध में जानकारी लेते हुए परिवहन अधिकारी को निर्वाचन कार्य में लगे सभी वाहनों का अनिवार्य रूप से फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने तथा सभी वाहन चालकों का पहचान पत्र जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा निर्वाचन संबंधी दायित्वों का निर्वहन पूरी मुस्तैदी के साथ पूरी निष्ठा एवं लगन के साथ करने को कहा।

बैठक में पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव ने विधानसभा आम निर्वाचन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने जिले के संवेदनशील मतदान केन्द्रों की जानकारी तथा वहॉं पर की गई सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान सुरक्षा की चाक चैबंद व्यवस्था की जाएगी। बैठक में सभी रिटर्निंग अधिकारियों एवं नोडल अधिकारियों ने पावर प्वाईट प्रेजेंटेशन के माध्यम से किए गए तैयारियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

गुंडा बदमाशों की ली परेड

थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार
RR KABEL WIRES & CABLES AKALMAND BANO, SAHI CHUNO.

बलौदाबाजार, 14 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पुलिस उप महा निरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली थाना प्रभारी द्वारा 14 अक्टूबर को थाना के समस्त निगरानी, गुंडा एवं माफी बदमाशो को तलब कर आगामी विधान सभा चुनाव को देखते हुए किसी भी प्रकार से अवैध कृत्यो में शामील न रहने, शांति भंग न करने एवं धारा 144 का उल्लंघन न कर शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु समझाईस दी गयी।

निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं करने के निर्देश

बलौदाबाजार, , 14 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार ने विधानसभा निर्वाचन 2023 की घोषणा तिथि से जिले में कोई भी अप्रारंभ निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं करने के निर्देश दिए हैं। आदेश में कहा गया है कि निर्वाचन की घोषणा तिथि से कोई भी ऐसा निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होगा, जिसके संबंध में निविदा पूर्ण कर ली गई हो एवं कार्यादेश जारी कर दिया गया है, परंतु वास्तव में स्थल पर कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। स्वीकृत किये गये निविदा पूर्ण किये गये अथवा कार्यादेश जारी किये गये ऐसे समस्त कार्य जो धरातल पर प्रारंभ नहीं हुए है, वे निर्वाचन समाप्ति के पश्चात् ही नियमानुसार प्रारंभ किए जा सकेंगे। यह प्रतिबंध निर्वाचन समाप्ति तक सम्पूर्ण बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में प्रभावशील रहेगा।

गांजा की अवैध बिक्री करते आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

मो. 94791-91058

बलौदाबाजार, 14 अक्टूबर। जिले में अवैध गांजा, शराब बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही एवं त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्र 816/2023 धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के आरोपीगणों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। मामला इस प्रकार है कि 12 अक्टूबर को जरिये मुखबीर सूचना मिली की भैंसा पसरा निवासी सावित्री दुबे एवं रजनी दुबे लुकछुप कर अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा का बिक्री कर रहे हैं। कि सूचना तस्दीक पर रेड कार्यवाही किया आरोपियान सावित्री दुबे एवं रजनी दुबे से एक पैकेट का वजन 900 ग्राम एवं दुसरे पैकेट का वजन 400 ग्राम कुल वजनी 1300 ग्राम किमती 13, 000 रू. मिला जिसे समक्ष गवाहान के जप्त किया गया। आरोपियों संदेहियो को उनके कब्जे से मिले मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने, अपने अधिपत्य में रखने के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु दोनो को अलग अलग नोटिस दिया गया, किन्तु कोई भी वैध लायसेंस नही होना बताये। आरोपियों का उक्त कृत्य 20(b) NDPS Act के तहत अपराध का घटित करना पाया जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। आरोपीगणों के विरूद्ध 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में PDSP सुसंता लकडा, उप नि. लल्ला सिंह राजपुत, HC 143 अंजोर सिंह मांझी, LHC 985 अन्नपूर्णा बंजारे, आर. 845 चमन साहू, आर. 832 गुमान जायसवाल, LC 446 उकेश्वरी साहू का विशेष योगदान रहा।

समाचार संक्षेप

शराब का अवैध परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार, 14 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा द्वारा जिला में शराब जुआ, सट्टा के अवैध कारोबार में सलिप्त आपराधिक आचरण वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया है जिसके परिपालन में अति0पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी केसर पराग के नेतृत्व में टीम गठित कर दिनांक 12/10/23 को विशेष अभियान चलाकर मुखबिर सूचना पर लवन में रेड कार्यवाही कर आरोपी राहुल जायसवाल उर्फ बंटी निवासी लवन को एक मोटरसाइकिल पैशन प्रो सीजी 22 के 0792 में एक सफेद थैला के अंदर रखें 34 पाव देसी प्लेन शराब अवैध रूप से बिक्री हेतु परिवहन करते पाये जाने पर उक्त मो. सा. व शराब जप्त किया गया एवं आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर मान. न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। शराब के अवैध कोचियों के विरुद्ध लवन पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। उक्त कार्यवाही में स उ नि सुनिल खुंटे एवं अन्य स्टाफका विशेष योगदान रहा।

डीपी चौहान के निधन पर कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने दी श्रद्धांजलि

बलौदाबाजार, 14 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला पंचायत बलौदाबाजार भाटापारा में प्रभारी अधीक्षक डी.पी.चौहान का देर रात आकस्मिक निधन हो गया। निधन की समाचार मिलते ही अधिकारियों कर्मचारियों में दु:ख की लहर छा गई। चौहान का अंतिम संस्कार आज स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया। इस दौरान जिला प्रशासन एवं जिला पंचायत की ओर से विभिन्न अधिकारी कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कलेक्टर चंदन कुमार ने चौहान के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किये हैं। उन्होनें कहा कि चौहान कर्मठ, सहज एवं मिलनसार हंसमुख साथ ही अनुभवी अधिकारी थे। उनका इस तरह अचानक जाना हम सबको अवश्य प्रभावित करता है। कलेक्टर ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना एवं सहानुभूति भी प्रकट की है। जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने भी दु:ख प्रकट करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की है।

बिना जानकारी दिए प्रिंटिंग प्रेस वाले नहीं कर पाएंगे चुनाव सामग्रियों का प्रकाशन, कलेक्टर ने जारी किया आदेश

बलौदाबाजार, 14 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 -(क) के तहत निर्वाचन लडने़ वाले अभ्यर्थियों अथवा राजनैतिक दलों द्वारा कराए जाने वाले पुस्तिका या पोस्टरों के मुद्रण और प्रकाशन संबंध में प्रिंटिंग प्रेस के मेसर्स, स्वामी एवं प्रबंधक को आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया कि कोई भी व्यक्ति ऐसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर जिसके मुख्य पृष्ठ पर उसके मुद्रक और प्रकाशक के नाम और पते न हो, मुद्रित या प्रकाशित न करेगा और न मुद्रित प्रकाशित कराएगा। कोई भी व्यक्ति किसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर को उस दशा में के सिवाय न तो मुद्रित करेगा और न मुद्रित कराएगा, जिसमें वह उसके प्रकाशक की अनन्यता के बारे में अपने द्वारा हस्ताक्षरित और ऐसे दो व्यक्तियों द्वारा जो उसे स्वयं जानते हैं, अनुप्रमाणित द्विप्रतीक घोषणा मुद्रक को परिदत्त कर देता है तथा उस दशा में के सवाय न तो मुद्रित करेगा और न मुद्रित कराए, जिसमें कि मुद्रक घोषणा की एक प्रति दस्तावेज की एक प्रति के सहित उस दशा में जिसमें वह राज्य की राजधानी में मुद्रित की जाती है, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को तथा किसी अन्य दशा में उस जिले के जिसमें कि वह मुद्रित की जाती है। जिला मजिस्ट्रेट को दस्तावेज के मुद्रण के पश्चात् युक्तियुक्त समय के भीतर भेज देता है। इस धारा के प्रयोजनों के लिए दस्तावेज की अनेकानेक प्रतियां बनाने की किसी ऐसी प्रक्रिया के लिए जो हाथ से नकल करके ऐसी प्रतियां बनाने से भिन्न है, यह समझा जाएगा कि वह मुद्रण है, और मुद्रक पद का अर्थ तद्नुसार लगाया जाएगा तथा निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर से किसी अभ्यर्थी या अभ्यर्थियों के समूह के निर्वाचन को संप्रवर्तित या प्रतिकूलत: प्रभावित करने के प्रयोजन के लिए वितरित कोई मुद्रित पुस्तिका, परचा या अन्य दस्तावेज या निर्वाचन के प्रति निर्देश करने वाला कोई प्ले कार्ड या पोस्टर अभिप्रेत है।

विधानसभा निर्वाचन : मतदाता जागरूकता अभियान

दीवार लेखन एवं दीप प्रज्ज्वलित कर अनिवार्य मतदान का दिया जा रहा है संदेश

संगवारी परिवार
मतदान करबो

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बालोद, 14 अक्टूबर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार बालोद जिले में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के दौरान जिले में शतप्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु निरंतर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज जिले के बालोद परियोजना के सेक्टर लाटाबोड़ के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में दीवाल लेखन कर मतदाताओं एवं आम लोगों को आगामी विधानसभा निर्वाचन के दौरान अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की जा रही है। दीवाल लेखन के अंतर्गत ''लोकतंत्र के मान रखव, 17 नवम्बर के मतदान करव'', लोकतंत्र के तिहार कब-17 नवम्बर के मतदान तब, लोकतंत्र के बढ़ाबो मान-17 नवम्बर को करबो मतदान आदि स्लोगन के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। इसी तरह आज दल्लीराजहरा परियोजना के अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों में दीप प्रज्जवलित कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। इस दौरान महिलाओं को देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर पूर्ण आस्था रखते हुए सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई गई।

चेक पोस्टों में आने-जाने वालों की निगरानी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत जिले में निर्वाचन व्यय संबंधी मॉनीटरिंग हेतु गठित एसएसटी टीम के द्वारा जिले के कुल 09 चेक पोस्टों में निरंतर आने-जाने वालों की निगरानी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि खप्परवाड़ा, गोड़ेला एवं गुण्डरदेही मंगलतराई, मरकाटोला, मंगचुवा, बिटाल, गुदुम, पुरूर चेकपोस्ट में एसएसटी टीम तैनात की गई है। व्यय अनुवीक्षण टीम के सहायक नोडल अधिकारी नेमेन्द्र देशमुख ने बताया कि इसी तरह से जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में एसएसटी, एफएसटी एवं वीएसटी की 03-03 टीम भी तैनात की गई है। जिसके द्वारा निरंतर विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर सतत् निगरानी की जा रही है।

न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुरनगर मामले की श्रेणीः राजस्व

संदर्भः- जिला- राजनांदगांव तहसील- लाल बहादुरनगर प.ह.न. 00013 कल्याणपुर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT202324421115000001

ईश्तहार

तहसील लाल बहादुरनगर के प.ह.न. 00013 के अंतर्गत ग्राम कल्याणपुर के वर्तमान भूमिस्वामी प्रीतराम पिता/पति धनीराम पता-सा deh, ब्रम्हानंद पिता/पति- धनीराम पता-सा deh, मालती बाई पिता/पति धनीराम पता-सा deh, विष्णु पिता/पति धनीराम पता-सा deh, के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 430/2 (0.2680), 551/2 (0.2750). 599/1(0.0450), 143/1(0.0330), 161/2(0.0120) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता ब्रम्हानंद सिन्हा पिता/पति धनीराम सिन्हा पता- कल्यानपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 01/11/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुरनगर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं/अधिवक्ता/आम मुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/10/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
लाल बहादुर नगर

न्यायालय तहसीलदार गरियाबंद जिला गरियाबंद (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202310220600002/
अ-21 वर्ष 2023 2024
ग्राम आमदी 'म' प.ह.नं. 06

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका गीता नेताम पिता अवधराम नेताम जाति गांडा निवासी गरियाबंद तहसील व जिला गरियाबंद द्वारा ग्राम आमदी 'म' तहसील गरियाबंद स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नं. 661/21 रकबा 0.02 हे. को अनावेदिका सुषमा बघेल पति चुम्मन बघेल जाति गांडा निवासी ग्राम संबलपुर तहसील व जिला गरियाबंद के पक्ष में विक्रय/अंतरण की अनुमति चाही गई है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अधिवक्ता या आम मुख्तयार के जरिये दिनांक 25.10.2023 तक पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.10.2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
गरियाबंद

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एंव अनुविभागीय दण्डाधिकारी बड़ेबचेली, दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

sdmbacheli@gmail.com
क्रमांक/3096/अ.वि.अ./रीडर-2/2023
बड़ेबचेली, दिनांक 09 अक्टूबर 2023

ईश्तहार

आवेदक रामकुमार कुंजाम पिता बुधू निवासी ग्राम पेरपा, तहसील बचेली के ग्राम पेरपा, प.ह.नं.-15, किरन्दुल-02 स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नम्बर 40 रकबा 14.1700 हे. में से 2.5 डिसमील भूमि व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने नक्शा खसरा बी-1 की प्रति सहित इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति दिनांक 23.10.2023 को सांय 05.30 बजे तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। बाद प्राप्त होने वाले दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एंव पदमुद्रा से आज दिनाँक 09.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बड़ेबचेली

एक नजर

घर से गैस सिलेंडर पार

रायपुर, 14 अक्टूबर । सांई मंदिर के पास पहाड़ीपारा में अज्ञात युवक ने घर का दीवार फांदकर घर में रखे गैस सिलेण्डर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कृष्ण यदू 38 वर्ष सांई मंदिर के पास पहाड़ीपारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के घर का दीवार फांदकर अंदर प्रवेश किया और 1 नग भारत कंपनी का गैस सिलेण्डर पार कर दिया। चोरी गए सिलेण्डर की कीमत करीब 2 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

लॉयार्स क्रिकेट लीग का समापन आज

रायपुर 14 अक्टूबर। राजधानी रायपुर में तीन दिवसीय लॉयार्स क्रिकेट लीग का आयोजन किया जा रहा है। 12 अक्टूबर से प्रारंभ हुए क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन 14 अक्टूबर को होगा 7 इस क्रिकेट स्पर्धा में शहर के सभी वकील चौके छक्के लगाते दिखाई दे रहे है । वकीलों की 12 टीम ने इस आयोजन में हिस्सा लिया है । स्पोर्ट्स अड्डा,डुमरतराई में तीन दिवसीय खेल का आयोजन किया गया है। आयोजक नवरत्न यादव,अरिहंत जैन,सचिन मिश्रा ,भूषण साहू अंजल शर्मा ,अनिकेत और पंकज सोनी ने सभी टीम को बधाई देते हुए आयोजन को सफल बनाने की बात कही है। प्रथम दिन पुरंदर मिश्रा,विधायक प्रत्याशी भाजपा अतिथि के रूप में शामिल हुए। वही अंतिम दिन सुशील सनी अग्रवाल,कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कल का मैच टीम एमिटी और टीम 76 के बीच खेला गया जिसमे टीम 76 ने 33 रन से जीत दर्ज की वही दूसरा मैच टीम पीआरएसयू और टीम भीम के बीच खेला गया जिसमे भीम ने 6 विकेट से पीआरएसयू को मात दी ।

आपसी रंजिश पर युवक को पीटा

रायपुर, 14 अक्टूबर। भाठागांव शराब दुकान के पास पुरानी रंजिश को लेकर दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी यशवंत तारक 22 वर्ष ब्रम्हदेव कालोनी भाठागांव का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल शराब दुकान के पास आरोपी दीपक धीवर और विकाश धीवर ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया।

शराब को लेकर दो पक्ष भिड़े

रायपुर, 14 अक्टूबर। शमशान घाट तेलीबांधा में शराब पीने के लिए पैसे को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थिया शारदा बबलानी 26 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी अजय सोरी, प्रहलाद ध्रुव व जग्गु ने प्रार्थिया के पति राकेश बबलानी से शराब के लिए पैसा मांगा। नहीं देने पर आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी प्रहलाद ध्रुव 30 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी रॉकी बबलानी ने प्रार्थी से शराब के लिए पैसे की मांग कर गाली-गलौज कर मारपीट किया।

पुत्र ने पिता से की मारपीट

रायपुर, 14 अक्टूबर। घरेलू विवाद को लेकर एक अधेड़ ने अपने बुजुर्ग पिता से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने आरोपी पुत्र के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शंकर लाल वर्मा 72 वर्ष ग्राम परसठी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसका पुत्र आरोपी पंचराम वर्मा 50 वर्ष अपनी पत्नी का सामान कमरे से बाहर फेंक रहा था। जिसे मना करने पर आरोपी ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया।

भाजपा प्रत्याशी 16 और 18 अक्टूबर को दाखिल करेंगे नामांकन पत्र

प्रथम चरण की 20 सीटों के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 14 अक्टूबर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रथम चरण के लिए होने वाले चुनाव की सभी तैयारियां शुरू कर दी गई है। राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं ने बैठकें लेकर अपनी रणनीति बनानी शुरू कर दी है। कोण्डागांव जिले में केशकाल के भाजपा प्रत्याशी नीलकंठ टेकाम, कोण्डागांव की भाजपा प्रत्याशी लता उसेंडी, राजनांदगांव के भाजपा प्रत्याशी रमन सिंह 16 अक्टूबर को नामांकन भरेंगे। प्रथम चरण के लिए 7 नवम्बर को मतदान होगा। इस चरण में 20 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव होंगे। इसमें जगदलपुर, की सर्वाधिक 12 सीटें हैं। यहां पर भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। कोण्डागांव की प्रत्याशी ने आज कार्यकर्ताओं की बैठक ली है। वहीं पूर्व आईएएस अधिकारी नीलकंठ टेकाम केशकाल से चुनाव लड़ेंगे। कांकेर के अंतर्गत भानुप्रतापपुर, कांकेर एवं अंतागढ़ विधानसभा आते हैं। इसके अलावा राजनांदगांव की सीट से पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह लड़ेंगे। यहां पर वे 16 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करेंगे। भाजपा स्वागत समिति के संयोजक लोकेश कावड़िया ने बताया कि इस अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए शीर्ष नेता यहां पर आ रहे हैं। बस्तर में सभी सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों का चयन हो गया है लेकिन अधिकृत सूची जारी नहीं हुई है।

कांग्रेस की सूची का इंतजार

कांग्रेस के प्रत्याशियों की अधिकृत सूची जारी नहीं हो पाई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री कांकेर एवं जगदलपुर जाकर कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे। इसके अलावा अन्य शीर्ष पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। कांग्रेस द्वारा बस्तर में नए चेहरों को टिकिट दी जा रही है। बस्तर में इस वर्ष चुनाव काफी संघर्षपूर्ण होगा।

राजधानी की इकलौती महिला मोची को गुमटी का उपहार

गोल्ड मेडल से किया गया सम्मान

रायपुर 14 अक्टूबर। शक्ति की आराधना का पर्व नवरात्रि कल 15 अक्टूबर से प्रारंभ हो जाएगी। नवरात्रि के एक दिन पूर्व नहरपारा विकास समिति, इंदिरा गांधी वार्ड ने नारी शक्ति की असली आराधना की है। राजधानी की एक मात्र महिला मोची सरवन गउधरे की गुमटी को नया रूप प्रदान कर मां दुर्गा की दिल से भक्ति की गई है। स्टेशन रोड में देशबंधु स्कूल के पास श्रीमती सरवन गउधरे की गुमटीनुमा मोची की दुकान है। पति ईश्वर की मृत्यु आठ वर्ष पूर्व हो गई है। तब से सरवन इस गुमटी में बैठकर जूता-चप्पल की मरम्मत करती है। इसी मामूली आय से वह अपने बच्चों का भरण पोषण करती है। सरवन की रोजी-रोटी का एक मात्र सहारा गुमटी जीर्ण-शीर्ण हो गई थी। गुमटी की छत सड़ जाने के कारण पानी टपकता था। सड़ी हुई गुमटी के सहारे सरवन द्वारा जीवन संघर्ष करने की जानकारी जब समिति के अध्यक्ष रमेश आहूजा तथा कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप सिंह चावला को मिली तो उन्होंने जात-पात से ऊपर उठकर मानव सेवा का अनुपम उदाहरण पेश किया है। आहूजा ने सरवन की गुमटी मरम्मत करवाकर नया जैसा कर दिया है। इतना ही नहीं सरवन को गोल्ड मैडल पहनाकर नारी शक्ति का सम्मान किया गया। आहूजा के इस सहयोग से सरवन खुश है। सामानों की सुरक्षा की उसकी चिंता खत्म हो गई है। दरअसल आहूजा ने जो किया है वह सच्ची मानव सेवा है।

त्यौहारों के सीजन में 3 लाख करोड़ के व्यापार की उम्मीद : अमर पारवानी

रायपुर 14 अक्टूबर। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कोविड के बाद यह पहला वर्ष है जब प्रदेश सहित देश भर में त्यौहारों को लेकर लोग बड़े उत्साहित हैं और बाज़ारों में चहल पहल दिखाई देनी शुरू हो गई। कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के मुताबिक़ ख़रीदी के इस रुझान को देखते हुए यह उम्मीद की जा रही है की इस साल के त्यौहारों के सीजन में देश भर में लगभग 3 लाख करोड़ रुपये के व्यापार होने की संभावना है । गत वर्ष इस सीजन में लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये का व्यापार हुआ था । कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया की दिवाली त्यौहार का सीजन इस बार रक्षा बंधन से शुरू हुआ है जो 23 नवम्बर के दिन तुलसी विवाह तक चलेगा। अभी 15 अक्तूबर से नवरात्र, रामलीला , दशहरा , दुर्गा पूजा, करवा चौथ, धन तेरस, दिवाली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज, छठ पूजा तथा तुलसी विवाह तक त्यौहारों का सीजन है और इस सीजन में ग्राहकों की माँग के अनुरूप देश भर के व्यापारियों ने व्यापक रूप से सामान उपलब्ध कराने की बड़ी तैयारियों की व्यवस्था कर ली है।

फेक और पैड न्यूज पर रहेगी आयोग की नजर

इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट, ई-समाचार तथा वेबसाइट की निगरानी

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 14 अक्टूबर। भारत निर्वाचन आयोग ने मीडिया के फेक एवं पैड न्यूज पर नजर रखने के लिए एक समिति गठित करने का निर्देश दिया है। यह समिति इलेक्ट्रॉनिक, टीवी, रेडियो तथा प्रिंट मीडिया पर नजर रखेगी।

आयोग द्वारा जारी निर्देशानुसार राज्य में मीडिया पर फेक एवं पैड न्यूज जारी करने पर रोक लगाई जाएगी। इसके लिए मीडिया मॉनिटरिंग सेल का गठन किया जाएगा। जो कि भ्रामक एवं फेक न्यूज की मॉनिटरिंग करेगा। इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया में पैड न्यज प्रसारण पर भी कमेटी द्वारा कार्रवाई की जाएगी। निर्वाचन संबंधी किसी विज्ञापन के पोस्टर, पर्चे या किसी अन्य अभिलेख में प्रिंटर का नाम व मुद्रित संख्या छापना आवश्यक है। आयोग के निर्देशानुसार इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सहित अन्य सभी माध्यम जैसे टीवी, केबल, चैनल, रेडियो, ई-समाचार पत्र, एसएमएस, वाइस मैसेज, सार्वजनिक स्थल पर दृश्य एवं श्रव्य माध्यम, सोशल मीडिया, वेब पेज पर राजनीतिक विज्ञापन से पूर्व उपरोक्त कमेटी से राजनीतिक दल एवं अभ्यर्थी अनुमति लेंगे।

चुनाव ड्यूटी नहीं लगाने भागदौड़ शुरू

जिला स्तर पर इस समय इलेक्शन ड्यूटी नहीं लगाने को लेकर भाग दौड़ शुरू हो गई है। सभी शासकीय कर्मचारी इलेक्शन ड्यूटी पर जाना नहीं चाहते। इसके लिए वृद्ध माता-पिता के बीमार होने तथा अपने स्वास्थ्य का हवाला देकर ड्यूटी से बचना चाहते हैं। इधर आयोग को शिकायतें मिल रही है कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जो निर्देश जारी किया गया था जिले में उनका पालन नहीं किया गया है। ऐसे अधिकारियों को तत्काल हटाने का निर्देश दिया गया है। आयोग ने शिकायत मिलने पर सभी कार्रवाई तेज करने का निर्णय लिया है। आयोग ने विभिन्न कार्यों के लिए अधिकारियों को नियुक्त कर दिया है जिसके अंतर्गत स्वीप प्लान को सफल बनाने डॉ. केआर सिंह तथा ज्वाइंट सीईओ विपिन मांझी एवं नीलेश कुमार, महादेव क्षीरसागर को विभिन्न जिम्मेदारी सौंपी गई है। सहायक निर्वाचन अधिकारी के तौर पर रश्मि वर्मा, अरविंद शर्मा, शारदा अग्रवाल, रूपेश कुमार वर्मा को तैनात किया गया है।

शक्ति की भक्ति 15 से

जसगीत की गूंज सुनाई देगी देवी पंडालों में

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 14 अक्टूबर। नवरात्रि के पावन पर्व के लिए राजधानी के सभी ऐतिहासिक मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। 15 अक्टूबर से शुरू होने वाले इस पर्व के लिए भक्त अनेक स्थानों पर माता दुर्गा की स्थापना करेंगे। आज से मूर्तियों का लाने का कार्यक्रम शुरू हो गया है। राजधानी के महामाया, सतबहनिया सहित अन्य मंदिरों में जोत प्रज्वलित की जाएगी। इसके अलावा प्रदेश के रतनपुर एवं डोंगरगढ़ में माता का दरबार आकर्षक ढंग से सज रहा है। यहां पर भक्तों की भीड़ को देखते हुए तैयारियां की गई है। राजधानी से प्रतिवर्ष माता के दरबार में पैदल जाने वालों की संख्या को देखते हुए सुरक्षा के विशेष निर्देश दिए गए हैं। इस समय राजधानी में नवरात्रि के अवसर पर जसगीत की भी होड़ रहेगी। सिटी स्टेशन, कालीबाड़ी तथा माना में भी षष्ठी को माता बैठाई जाएगी। माना में इस वर्ष आकर्षक पंडाल लगाए गए हैं। बंगाली समिति द्वारा बंगाल से कलाकार बुलाए गए हैं।

गंगा जल लेकर झूठी कसम खाने वाले गंगा जल पर झूठ बोल रहे हैं: अरुण साव

रायपुर , 14 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ में इन दिनों विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक बयानबाजी अब शुरू हो चुकी है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कैंडी क्रश खेलते वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने जमकर घेरा था। वहीं ष्ट्ररू भूपेश के ट्वीट पर फिर से उन्हें घेरा है। बघेल ने ट्वीट करते हुए केंद्र सरकार पर गंगाजल पर त्नस्ञ्ज लगाने का आरोप लगाया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने एक्स सोशल मीडिया प्लॅटफॉर्म के माध्यम से बघेल को को ट्वीट करते हुए लिखा है- हे प्रभु..! हे हरिराम कृष्ण जगन्नाथम प्रेमानंद ये क्या हुआ? फिर झूठ पकड़ा गया? मुखिया जी, प्रातः उठकर श्री राम का नाम लेने की आदत डालिए, श्री झूठ की नहीं!

अच्छी आदत डली रहेगी तो 2028 चुनाव में जनता आपके झूठ की आदत भूल भी सकती है! साव ने कहा कि भूपेश बघेल और कांग्रेस पार्टी को असल में जितनी समस्या मोदी और भाजपा से नहीं है, उससे ज्यादा समस्या गंगा जल और सनातन धर्म से है। कांग्रेस लगातार सनातन और आस्थाओं पर प्रहार करती है। साव ने कहा भूपेश बघेल और कांग्रेस ने पहले गंगाजल की झूठी कसम खाई और फिर गंगाजल के नाम से झूठ फैलाया। वह गंगाजल की पवित्रता को बार-बार चुनौती देते हैं। स्पष्ट हो गया है कि उनकी श्रद्धा ना सनातन में है ना गंगा मां के प्रति ,गंगा जल पर कोई जीएसटी नहीं है कांग्रेस ने झूठ क्यों बोला?

छत्तीसगढ़ की जनता से मुख्यमंत्री बघेल ने 5 साल केवल झूठ बोलने का काम किया है। गंगा जल की झूठी कसम खा कर शराब बंद करने का वादा किया। प्रदेश की महिलाओं को झूठ बोला, धान का समर्थन मूल्य देने के नाम पर किसानों से झूठ बोला, युवाओं को नौकरी देने के नाम बेरोजगारी भत्ता देने का झूठ बोला, नियमितीकरण का वादा कर संविदा कर्मचारियों से झूठ बोला। साव ने कहा आपके झूठ को छत्तीसगढ़ की जनता समझ चुकी है। गंगा मैया के नाम पर भी किस हिसाब से झूठ फैलाने का काम किया ? भूपेश बघेल को इसका जवाब तो गंगा मैया के भक्तों को देना ही पड़ेगा।

इंटर कॉलेज फुटबॉल स्पर्धा में विप्र कॉलेज चैंपियन

रायपुर 14 अक्टूबर। उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में अग्रसेन महाविद्यालय द्वारा आयोजित सेक्टर स्तरीय इंटर कॉलेज फुटबॉल प्रतियोगिता में विप्र कॉलेज चैंपियन बनी। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के खेल मैदान में सम्पन्न प्रतियोगिता के फाइनल मैच में विप्र महाविद्यालय ने नेताजी सुभाष कॉलेज को एकतरफा खेले गए मैच में 3-0 से पराजित कर विजेता बनी। यह जानकारी देते हुए अग्रसेन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ यूलेन्द्र राजपूत ने बताया कि विप्र कॉलेज के प्राचार्य डॉ मेघेश तिवारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर दूसरे दिवस के प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। पहला सेमीफाइनल विप्र महाविद्यालय रायपुर एवं जे योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के मध्य हुआ।संघर्ष पूर्ण मैच का निर्णय टाईब्रेकर से हुआ। जिसमें विप्र महाविद्यालय 4-1 से विजयी रहा। दूसरा सेमीफाइनल रावतपुरा सरकार कॉलेज एवं नेताजी सुभाष कॉलेज के बीच खेला गया। जिसमें नेताजी सुभाष कॉलेज 3-2 से विजयी रहा। प्रतियोगिता का फाइनल मैच विप्र कॉलेज एवं ने नेताजी सुभाष कॉलेज के मध्य खेला गया।

श्री राजस्थान ज्वेलर्स
स्वर्ण एवं रजत आभूषणों के निर्माता व विक्रेता
सभी राशियों के रत्न व उपरत्न उपलब्ध
पुरोहित बाड़ा के पास [illegible], रायपुर
फोन- [illegible]

माँ महाकाली (अघोरेश्वरी) मंदिर
शारदीय नवरात्र -2023
15.10.2023 रविवार प्रतिपदा
घट स्थापना: मध्यान्ह 11.26 बजे
पंचमी-19.10.2023 गुरुवार
श्रृंगार मध्यान्ह 11.30 बजे
हवन- संध्या 6.36 बजे
सप्तमी-20.10.2023 शुक्रवार
काल रात्रि पूजन-हवनः रात्रि 11.24 बजे से
अष्टमी-22.10.2023 रविवार
पूजन-हवन : संध्या 6.34 बजे से
नवमी-23.10.2023 सोमवार
कन्या पूजन एवं भोग पूर्वान्ह 12.00 बजे
ज्योत-जवारा विर्सजनः अपरान्ह 5.00 बजे
शिवधाम
अघोरेश्वर महादेव मंदिर
ग्राम तुलसी-पाटन
9826174789,8889334400

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23